भाद्रपद शुक्ल पक्ष-3, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 95 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

18 सितंबर 2023 सोमवार

आज का मौसम

28 अधिकतम

23 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




## 75 साल का सफर अब कल नए मुकाम से, आज आखिरी बार पुराने पड़ाव पर जुटी संसद

**पुराने भवन से विदाई की बेला, सरप्राइज़ पर नजर**

# ऐतिहासिक निर्णयों वाला सत्र शुरू, विपक्ष पर मोदी का प्रहार- ये रोने-धोने का समय नहीं






**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आज से संसद का विशेष सत्र शुरू हो गया, इस सत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय होने के आसार हैं। इस सत्र पर पूरे देश की नजरें टिकी हुई हैं। पीएम मोदी ने संसद में कहा कि इस समय सारे देश में उमंग का माहौल और एक नया आत्मविश्वास हम सभी महसूस कर रहे हैं। यह सत्र छोटा है, लेकिन समय के हिसाब ये बहुत बड़ा है। ऐतिहासिक निर्णयों वाला यह सत्र है। 75 साल की यात्रा अब नए मुकाम से शुरू हो रही है। पीएम ने कहा, नए स्थान पर उस यात्रा को आगे बढ़ाते समय, नए संकल्प, नई ऊर्जा और नए विश्वास से काम करना है। उन्होंने सांसदों से आग्रह किया कि वो यहां उमंग और उत्साह के साथ अपना ज्यादा से ज्यादा समय दें। मोदी ने कहा, नए सदन में जाने से पहले उन प्रेरक पलों, इतिहास की महत्वपूर्ण घड़ियों का स्मरण करते हुए आगे बढ़ने का ये अवसर है. हम सब इस ऐतिहासिक भवन से विदा ले रहे हैं हम नए भवन में भले ही जाएंगे, लेकिन पुराना भवन भी आगे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।

**आठ विधेयक, विपक्ष का हंगामा:** उल्लेखनीय है कि इस सत्र को लेकर कई तरह के सियासी कयास चल रहे हैं, वहीं सरकार ने साफ कर दिया है कि सत्र में आठ विधेयक पेश किए जाएंगे। इसकी सूची भी आ गई है, वहीं विपक्ष ने सत्र की शुरूआत मे हंगामा किया और मांग रखी कि इस सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पेश कर पारित किया जाए। यह सत्र आज से 22 सितंबर तक चलेगा, कल से सदन की बैठकें नये भवन में होंगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से कहा कि चंद्रयान-3 चांद पर हमारा तिरंगा फहरा रहा है। जी-20 में भारत इस बात के लिए हमेशा गर्व करेगा कि हम ग्लोबल साउथ की आवाज बने। यह सभी बातें भारत के उज्ज्वल भविष्य का संकेत दे रही हैं। हालांकि मोदी ने नाम लिए बिना विपक्ष पर निशाना साधा व कहा कि रोने-धोने के लिए बहुत समय है कुछ समय ऐसे होते हैं, जो विश्वास से भर देते हैं। पुरानी बुराइयों को छोड़कर और नए सदन में प्रवेश करने की उमंग और अच्छाइयों के साथ आगे बढ़ना है। ये सत्र छोटा जरूर है, लेकिन समय के हिसाब से बहुत बड़ा है, यह ऐतिहासिक निर्णयों का सत्र है।

## कौन सी टेक्निकल चूक हो गई, जिस पर बिड़ला बोले-जांच कराऊंगा ?



आज संसद के विशेष सत्र के पहले दिन लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। तब स्पीकर ओम बिरला कई मिनट तक 'माननीय सदस्य, माननीय सदस्य, एक मिनट प्लीज, प्लीज, बैठ जाइए व्यवस्था दे रहा हूं...' कहते रहे। बाद में स्पीकर ने एक लाइन में जवाब दिया कि जो कुछ भी टेक्निकल चूक हुई है मैं उसकी जांच कराऊंगा। इसके बाद भी विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में मौजूद थे। स्पीकर ने दोहराया कि 'जो टेक्निकल चूक हुई है मैंने बता दिया ना, इतनी बड़ी व्यवस्था मैंने दे दी है, ये इलेक्ट्रॉनिक टेक्निकल चूक है भाई।' मगर कई विपक्षी सदस्य अपनी सीट पर खड़े होकर विरोध जताते रहे। कैमरा स्पीकर पर रहा इसलिए पता नहीं चल पाया कि किस विपक्षी सांसद ने क्या कहा। बिरला ने आगे कहा, 'मैंने पूर्व में कह दिया है कि सारे विषय को मेरे संज्ञान में आपने ला दिया है। कभी टेक्निकल चूक हो जाती है। मैं सारे विषय की जांच कराऊंगा।'



*ये वहीं सदन है जहां 4 सांसद वाली पार्टी सत्ता में होती थी और 100 सांसद वाली विपक्ष में होती थी। नेहरूजी का गुणगान अगर इस सदन में होगा तो कौन सदस्य होगा जो उस पर ताली नहीं बजाएगा। ये वो सदन है जहां पंडित नेहरू का स्टोक्स ऑफ मिडनाइट की गूंज हम सबको प्रेरित करता है। इदिरा गांधी के नेतृत्व में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का आंदोलन भी इसी सदन ने देखा था।*

*- **नरेन्द्र मोदी,** पीएम*



*हमारे नड्डा साहब हमें छोटा करने के लिए INDI बोलते हैं, नाम बदलने से कुछ नही होता हम हैं INDIA....हमें बार-बार टोका जाता है कि 70 साल में क्या किया आपने, हमने 70 साल में इस देश के लोकतंत्र को मजबूत किया।*

*- **मल्लिकार्जुन खड़गे,** नेता प्रतिपक्ष राजसभा*



*आज का दिन भावुक करने वाला है...जिंदगी में कई दोस्त आए, कई गए.. इसी तरह सदन की कार्यवाही भी चल रही है जो चलती रहेगी.. मैं शुरू में ये कहना चाहता हूं कि जब सदन में संविधान की चर्चा हो, आंबेडकर की चर्चा होती है. आज अच्छा लगेगा कि आज हमें भी नेहरू जी की बात रखने का अवसर मिलेगा- **अधीर रंजन चौधरी,** कांग्रेस सांसद*

## थीम सांग चोरी..कांग्रेस व भाजपा ने एक-दूसरे पर जड़े आरोप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गृहमंत्री व राज्य सरकार के प्रवक्ता नरोत्तम मिश्रा ने आज आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दो दिन पहले जारी अपना थीम सांग पाकिस्तान में इमरान खान के समर्थन वाले थीम सांग की कापी है। मिश्रा ने पाकिस्तान और कांग्रेस का थीम सांग भी मीडिया को दिखाया। लेकिन इसके कुछ ही देर बाद कांग्रेस ने जवाब दिया कि पाकिस्तान का इमरान समर्थकों वाला थीम सांग हरियाणा की भाजपा सरकार के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कापी किया है। मगर भाजपा का एक ही मंत्र है चोरी व सीनाजोरी। कांग्रेस मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने कहा कि 'फिल्म विशेषज्ञ मिश्रा दोनों गाने सुनें और बताएं कि इतनी पाकिस्तान परस्ती कहां से लाते हो।' दरअसल आज सुबह मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के थीम सांग 'चलो चलो' के ही चक्कर में पहले 28 विधायक चले गये थे और कमलनाथ के चलो चलो में सराकार चली गई थी।

## हादसे के बाद आम्रपाली से भागने लगे मजदूर



**नई दिल्ली।** आम्रपाली ड्रीम वैली प्रॉजेक्ट नोएडा में हुए लिफ्ट हादसे आठ मजदूरों की मौत के बाद मजदूरों का जाने का सिलसिला जारी है। अब तक करीब एक हजार से अधिक मजदूर साइट से जा चुके है। लिफ्ट गिरने की घटना के बाद से मजदूर सहमे हुए हैं। मामले में पुलिस अब आरोपियों की गिरफ्तार कर रही है और काम भी बंद पड़ा है। ऐसे में मजदूर दूसरी जगह पर काम की तलाश में साइट छोड़कर जा रहे है। शुक्रवार और शनिवार को करीब 600 मजदूर जा चुके थे। रविवार की शाम को करीब 400 से अधिक मजदूर साइट छोड़ कर निकल गए। हालांकि कई मजदूर महीनों से सैलरी न मिलने की वजह से साइट पर डटे हुए हैं।

## मोदी 25 को भोपाल आएंगे

**भोपाल।** आगामी 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर कार्यकर्ता महाकुंभ को पीएम नरेंद्र मोदी भोपाल में संबोधित करेंगे। महाकुंभ में 10 लाख कार्यकर्ताओं को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिये राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश कामकाज पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने भोपाल में होने वाले कार्यकर्ता महाकुंभ में आने वाले चिन्हित कार्यकर्ताओं के लिए कार्यक्रम की सामग्री और प्रवेशिका वितरित की।

### अवैध तरीके से खरीदी बंदूक, अब महाभियोग

## बेटे की करतूत से बाइडेन के पद पर खतरा

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन पर लगे आरोपों का असर नजर आने लगा है। हंटर पर बंदूक खरीदी से जुड़े मामले में तीन संगीन आरोप तय किए गए है। उनके खिलाफ सबसे बड़ा आरोप बंदूक खरीद के लिए झूठ बोलने का है। इस मुद्दे को लेकर बाइडेन के खिलाफ महाभियोग की जांच शुरू कर दी गई है।



खबरों के मुताबिक बाइडेन से महाभियोग की जांच को लेकर सवाल किया गया है। इस पर बाइडेन ने जवाब में कहा ढेर सारा लक। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी का आरोप है कि हंटर बाइडेन की बिजनेस एक्टिविटीज में भ्रष्टाचार की बात सामने आई है। व्हाइट हाउस ने इसे राजनीतिक स्टंट बताते हुए कहा है कि इन आरोपों को लेकर कोई भी सबूत अब तक जारी नहीं किए गए हैं।

**बेटे को माफ नहीं करेंगे**

बाइडेन यह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि अगर गन केस में उनके बेटे हंटर को दोषी ठहराया जाता है तो वह किसी भी हालत में उसे माफ नहीं करेंगे। माना जा रहा है कि निचले सदन में रिपब्लिकन पार्टी महाभियोग को लेकर वोटिंग करा सकती है। इस सदन में रिपब्लिकन का नियंत्रण है। बाइडेन को राष्ट्रपति पद से तब तक नहीं हटाया जा सकता, जब तक सीनेट (ऊपरी सदन) में दो तिहाई सदस्य उनके खिलाफ दोषी ठहराने के लिए वोट नहीं कर देते। हंटर पर आरोप है कि उन्होंने ड्रग एडिक्शन से निकलने के दो महीने बाद कॉल्ट कोबरा स्पेशल स्टोर से एक बंदूक खरीदी थी और खरीद के लिए उन्होंने फॉर्म में ड्रग्स लेने की बात छिपाई थी।

## भारत को बिजली बेच नेपाल मालामाल, चीन आगबबूला

**काठमांडू, एजेंसी।**

नेपाल और भारत की दोस्ती चीन को बिल्कुल भी पसंद नहीं आ रही है। नेपाल हर रोज करीब 11 करोड़ रुपए की बिजली इस वक्त भारत को बेच रहा है। लेकिन चीन को तकलीफ कि वह भारत को बिजली क्यों बेचता है। नेपाल में चीन के राजदूत चेन सोंग भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा है कि आपके पास खुद के लिए बिजली कम है, तो भारत को निर्यात करने का मतलब नहीं है। भारत की नीतियां नेपाल के हित में नहीं हैं। पिछले दिनों ही भारत सरकार ने फैसला किया था अगले एक दशक में नेपाल से 10 हजार मेगावॉट की बिजली खरीदी जाएगी। नेपाल विद्युत प्राधिकरण (NEA) के मुताबिक वह भारत को बची हुई बिजली निर्यात कर रहा है। हृश्व के सूचना अधिकारी सुरेश बहादुर भट्टाराई का कहना है कि नेपाल हर रोज भारत को 1.1 करोड़ यूनिज बिजली का निर्यात कर रहा है। भारत में यह बिजली 7-7.5 रुपए प्रति यूनिट बेची जाती है। नेपाल हृश्व और उसकी कंपनियों के माध्यम से हर रोज 50 हजार मेगावाट बिजली बनाता है।





### मौसम का बदला मिजाज

## सिस्टम पड़ा कमजोर, बादलों ने राजस्थान की राह पकड़ी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चार दिन तक लगातार बरसने के बाद अब बादलों का कारवां मप्र से आगे बढ रहा है। खासतौर पर पश्चिम मप्र में बना गहरा कम दबाव का क्षेत्र कुछ कमजोर पड़ गया है और राजस्थान की तरफ चला गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इस मौसम प्रणाली के असर से सोमवार को गुजरात एवं राजस्थान की सीमा से लगे मप्र के जिले आलीराजपुर, धार, झाबुआ, रतलाम में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। जबकि मप्र के शेष जिलों में मौसम साफ होने लगेगा धूप भी निकलेगी। हालांकि जहां ज्यादा बारिश हुई है वहां हालात अभी पूरी तरह नहीं सुधरे हैं। स्कूलों की भी छुट्टी जारी है। मौसम के जानकारों का कहना है कि 24 सितंबर के आसपास नया व मजबूत एक सिस्टम फिर बन सकता है जो कई संभागों को भिगोएगा। लेकिन मोटे तौर पर एक सप्ताह लोगों को राहत रहेगी।

उधर पिछले 24 घंटों के दौरान सर्वाधिक बारिश कट्ठीवाड़ा (आलीराजपुर) में दर्ज हुई।



इसके अलावा धार, रतलाम, खंडवा, इंदौर, खरगोन, उज्जैन, नर्मदापुरम में बारिश हुई। भोपाल में कल भी मौसम प्राय~खुला रहा व आज भी सुबह से धूप निकल गई है।

### भूलने के किस्से कई

## फिर गजनी के अवतार में नजर आए कैप्टन रोहित

**कोलंबो, एजेंसी।**

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के साथ अजब समस्या है। वे कब क्या भूल जाएं ये किसी को नहीं पता होता। विराट कोहली ने तो कई सालों पहले एक इंटरव्यू में कहा भी था कि रोहित कुछ भी भूल सकते हैं। यह सामने भी आया जब इसी साल जनवरी में रोहित शर्मा टॉस के बाद ये भूल गए कि उन्हें पहले बैटिंग करनी है या बॉलिंग। कुछ सेकेंड सोचने के बाद उन्होंने अपना फैसला बताया। अब एशिया कप में भी रोहित का गजनी अवतार देखने को मिला है।

बताया जाता है कि मुबंई जाने वाले खिलाड़ी कल रात को ही कोलंबो से भारत के लिये निकल रहे थे। कप्तान रोहित शर्मा ने सबसे अंत में बोर्ड किया। तब उन्हें याद आया कि वे तो अपना पासपोर्ट ही भूल गए हैं। जब साथी खिलाड़ियों को इसका पता चला तो वह ताली बजाने लगे। ऐसे में रोहित शर्मा अजब मुद्रा में नजर आ रहे थे। फिर टीम के सपोर्ट स्टाफ मेंबर ने उन्हें उनका पासपोर्ट लाकर दिया। इसके बाद बस निकल पाई। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने दूसरी बार एशिया कप का खिताब जीता है। 2018 में विराट कोहली टीम के नियमित कप्तान थे, लेकिन वह एशिया कप खेलने नहीं गए।



## प्रदर्शन





*भोपाल। सेकंड स्टॉप स्थित अंबेडकर मैदान में आजाद अध्यापक संघ के बैनर तले विदेश के कई जिलों के शिक्षक यात्रा लेकर राजधानी पहुंचे और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला अध्यपक अपने साथ शिवलिंग भी लेकर आईं थी।*

### कॉलेज ई-प्रवेश का 7वां राउंड

# यूजी-पीजी में सत्यापन का आज अंतिम दिन, 20 को जारी होगी मेरिट

### 27 सितंबर को अपग्रेडेशन का आवंटन और 30 सितंबर तक होंगे प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के 1373 कॉलेजों की 9.91 लाख सीटों पर प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग की ई-प्रवेश प्रक्रिया जारी है। 6वें राउंड के बाद भी खाली रह गई करीब 4.78 लाख सीटों को भरने के लिए विभाग द्वारा 7वां सीएलसी अतिरिक्त राउंड चलाया जा रहा है। इस राउंड में नए रजिस्टर्ड स्टूडेंट्स के दस्तावेज सत्यापन का सोमवार को आखिरी दिन है। 20 सितंबर को कॉलेजों में मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। स्टूडेंट 20 से 26 सितंबर तक आवंटित कॉलेजों में ऑनलाइन फीस जमा कर एडमिशन ले सकेंगे। इसी अवधि में अपग्रेडेशन का ऑप्शन भी ले सकते हैं। 27 सितंबर को अपग्रेडेशन का आवंटन और 30 सितंबर तक इसके प्रवेश होंगे।

**20 हजार नए रजिस्ट्रेशन हुए:** इस राउंड में यूजी-पीजी में करीब 20 हजार नए रजिस्ट्रेशन हुए हैं, इसमें यूजी के 14,900 और पीजी के 5100 रजिस्ट्रेशन शामिल हैं। इसी तरह यूजी-पीजी में 52 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने चॉइस लॉक की है। इसमें यूजी के 34,934 और पीजी के 17,084 स्टूडेंट शामिल हैं।

### बीएड, एमएड में 2 हजार प्रवेश

*सत्र 2023-24 के में एनसीटीई के पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए भी प्रक्रिया जारी है। इसमें फिलहाल चौथा अतिरिक्त राउंड चल रहा है। हाल ही आवंटित हुई सीटों पर करीब 2 हजार स्टूडेंट्स ने प्रवेश लिया है। 5008 सीटों में से कुल 3391 सीटें आवंटित की गई थी। इस बार बीएड में सबसे ज्यादा प्रवेश हुए हैं।*

### मामले में कुटुंब न्यायालय की समझाइश के बाद विवाद भुलाकर दंपति हुए एक

# घर जमाई बनने से किया इंकार तो पत्नी ने लगाए प्रताड़ना के आरोप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एक मामले में कुटुंब न्यायालय की समझाइश के बाद करीब तीन साल से अलग रह रहे दंपति एक हो गए हैं। मामले में पत्नी ने पति पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शादी के सारे उपहार, खर्च और एलुमनी के रूप में करीब 15 लाख रुपए की मांग की थी। वहीं पति का कहना था कि पत्नी की जिद थी कि वह घर जमाई बनकर रहे, जब उसने पत्नी की इस बात को मानने से इंकार कर दिया तो घर में विवाद होने लगे और पत्नी ने झूठे आरोप लगा दिए हैं। हालांकि मामले में कुटुंब न्यायालय की समझाइश के बाद दोनो को अपनी गलती समझ आई और दंपति विवाद को भुलाकर साथ रहने के लिए राजी हो गए हैं। हाल ही में लोक अदालत में दोनो ने सुलह कर ली है।



### 2018 में हुई थी शादी

*दअरसल, राजधानी के जहांगीराबाद क्षेत्र में रहने वाले दंपति की शादी 2018 में हुई थी। मामले में पति-पत्नी दोनो निजी कंपनी में काम करते हैं। पति के साथ केवल विधवा मां है, जिसे वह छोड़ना नहीं चाहता। वहीं पत्नी अपने मायके में ही रहना चाहती है। इसी बात को लेकर शादी के बाद दोनो में कलह शुरू हो गई, जिसके बाद दोनो अलग-अलग रह रहे थे।*

### गोल्ड ज्वैलरी लेकर पहुंचे कोर्ट



कोर्ट में पत्नी और उसके माता-पिता गोल्ड ज्वैलरी लेकर भी पहुंचे थे। हालांकि, पति और उसकी मां ने यह कहकर ज्वैलरी लेने से मना कर दिया कि ये वो गहने नहीं हैं जो हमने दिए थे। मामले में कोर्ट ने दस लाख एलुमनी और शादी के सारे उपहार लौटाने की शर्त पर समझौते की बात कही। पत्नी इसके अलावा शादी के लाखों के खर्च का हवाला देने लगी। इस पर कोर्ट ने फटकार लगाते हुए समझाया कि केस को बेवजह खींचते रहने में नुकसान है। मामले में आखिर राजीनामा हो गया।

# विश्वकर्मा जयंती पर निकली शोभा यात्रा

### जगह-जगह हुआ शोभा यात्रा का स्वागत



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

जीनगर समाज ने संतनगर मे विश्वकर्मा जयंती मनाई। भव्य शोभ यात्रा निकली, जो आरा मशीन रोड स्थित मंदिर से प्रारंभ होकर संतनगर के मुख्य मार्गों से निकाली। मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा और मेवाड़ा एवं विश्वकर्मा वाल्मीकि समाज ने चल समारोह का स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिन भी मनाया गया।

भगवान श्रीरामदेवजी महाराज के जन्मोत्सव में श्रीरामदेवजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, संतनगर मण्डल महामंत्री बबलू चांवला, समाज के संरक्षक मदनलाल आसेरी, समाज अध्यक्ष रमेश चौहन, रमेश निर्वाण, धनराज सोनगरा, गोपाल चौहान कमल सिसोदिया, समाज के प्रवक्ता प्रकाश डाबी सहित समाज के कई गणमान्य नागरिकों ने भगवान श्रीरामदेव जी महाराज की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की ।

# नर सेवा, नारायण पूजाः सुदीक्षाजी

### संत समागम के लिए स्वैच्छिक सेवा की शुरूआत



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सतगुरु माता सुदीक्षाजी एवं निरंकारी राजपिता रमितजी द्वारा 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की स्वैच्छिक सेवा का शुभारंभ किया गया। निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में इसकी शुरूआत हुई। इस वर्ष निरंकारी संत समागम 28, 29 एवं 30 अक्तूबर को योजित किया जाएगा।

सुदीक्षाजी ने कहा कि सेवा केवल तन से न होकर जब सच्चे मन से की जाती है तभी वह सार्थक कहलाती है। सेवा वही सर्वोत्तम होती है जो निःस्वार्थ एवं निष्काम भाव से की जाये। सतगुरु माता जी ने सेवा भाव के महत्व को बताते हुए कहा कि ब्रह्मज्ञान का बोध होने के उपरांत ही हमारे अंतर्मन में ष्नर सेवाए नारायण पूजाश् का भाव उत्पन्न होता हैए तब हम प्रत्येक मानव में इस निरंकार प्रभु का ही अक्स देखते है।

**यह रहे मौजूदः** इस अवसर पर संत निरंकारी मण्डल कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य, केन्द्रीय योजना एवं सलाहकार बोर्ड के सदस्य, सेवादल के अधिकारी, स्वयंसेवक तथा दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने दिव्य युगल का स्वागत किया।

# गांधी मेडिकल हाउसिंग सोसाइटी के चुनाव हुए



**हिरदाराम नगर।** एयरपोर्ट रोड स्थित दाता, आदर्श एवं नागेश्वर कालोनी ( गांधी मेडिकल हाऊसिंग सोसायटी ) के चुनाव आयोजित किए गये थे, जिसमें एकता पैनल ने भारी मतो से चुनाव जीत कर अपनी जीत दर्ज करवाई। रविवार को जीतने वाले सदस्यों का लालघाटी यूथ क्लब के अध्यक्ष आनंद सबधाणी द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें एकता पैनल के पदाधिकारियों को शाल श्री फल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सोसोयती के अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा उपाध्यक्ष अब्दुल गोपाल, सचिव नारायण कैलाश एवं अन्य सदस्यों ने इस सम्मान समारोह को आयोजित करने वाले आनंद साबधाणी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा, रायकवार सहित सोसायटी के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपास्थित रहे।

# जमीन से आसमान तक तिरंगा लहराया: हितानंद



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन गुरु नानक मंडल ने सेवा दिवस के रूप में मनाया। 73 स्वच्छता सेवा को और 73 वृद्ध जनों का आसरा वृद्ध जन केंद्र में प्रदेश के संगठन महामंत्री हितानन शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने स्वच्छता सेवकों के चरण पखार उपहार देकर पुष्प वर्षा के बीच सम्मान कर कर भजन मंडलियों को वाद्य सामग्री भेंट की। इस अवसर पर हितानन्द शर्मा ने मोदी जी के नेतृत्व में धरती से आसमान तक बढ़ते तिरंगे गौरव का गुणगान किया प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने किए जा रहे सेवा कार्यों को बताया, इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा, महेश मकवाना, भगवान दास ढालिया, नरेंद्र सिंह ठाकुर संदीप कल्याणे, सुनील सराठे, पी सी कनर्जी, महेंद्र काटकोले,सुनील नीलकंठ, शुभम श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

## मेट्रो एंकर

### जीव सेवा संस्थान ने किया हर घर के आंगन में पांच दीये जलाने का आग्रह

# संत हिरदाराम का 118 वां अवतरण दिवस 21 को

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम जी का 118 वां जन्म दिवस 21 सितम्बर को मनाया जाएगा। संतनगर सहित देश विदेश के विभिन्न शहरों में कार्यक्रम होंगे। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने बताया है कि संतजी के जन्म दिवस पर 19 से 21 सितम्बर तक श्री सुखमनी साहिब का सम्पट पाठ रखा गया है, जिसमें समाज के सभी वर्गों को सेवा, सुमिरन, स्वास्थ्य, शिक्षा और शांति का पाठ पढ़ाया था। इन शिक्षाओं को आत्मसात करने के लिए प्रत्येक शिष्य से घर के आंगन में पांच दीये जलाने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि ये दीपक संतजी के शिक्षाओं का पुर्नस्मरण करने के लिए हर साल प्रज्ज्वलित किया जाना चाहिए। दयारामानी ने कहा कि संतजी के सेवा कार्य पांच दशक से देश विदेश के विभिन्न शहरों में संचालित हैं, जिनका लाभ 40 लाख से भी अधिक लोगों को मिल सका है।



### सिद्धभाऊजी का मार्गदर्शन

जेएसएस द्वारा संचालित सभी सेवा कार्य, संतजी के उत्तराधिकारी सिद्धभाउजी के मार्गदर्शन में चल रहे हैं। सेवा कार्यों के लिए 500 से अधिक सेवादारों और देश विदेश के दान दाताओं द्वारा उलेखनीय सहयोग दिया जाता है।

### कई सेवा कार्य होंगे

संत जी के जन्म दिवस पर सेवा सदन अस्पताल द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण और मोतियाबिंद आपरेशन शिविर लगाया जाएगा। उसी दिन निःशुल्क दंत रोग परीक्षण शिविर भी लगाया जायेगा। सेवा सदन में ही 23 सितम्बर से निःशुल्क युरोलॉजी शिविर भी लगाया जायेगा। श्री कुटिया साहिब के समाधि स्थल के दरवाजे दिन भर खुले रहेंगे। संत जी के जन्म दिवस पर कुटिया के बाहर रक्त दान शिविर लगाया जायेगा।

### सेवा का संकल्प दोहराएंगे

गरीबों, अनाथाश्रमों, कुष्ठ रोग पुर्नवास केन्द्रों, निर्धन बस्तियों की शालाओं, निःशक्त जन पुर्नवास केन्द्रों के मरीजों, दृष्टिबाधित छात्रावासों व शालाओं के लोगों को निःशुल्क फल, भोजन, मिठाईयां वितरित की जायेंगी। संत नगर के विद्यालय-महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को संत जी की शिक्षाओं का अनुसरण करने का संकल्प दिलाया जाएगा।

### यहां भी होंगे सेवा कार्य

संतजी के अवतरण दिवस पर संतनगर के अलावा अहमदाबाद, उल्हास नगर, राजकोट, अजमेर, जयपुर और उदयपुर आदि में किये जाएंगे। दयारामानी ने बताया कि उल्हास नगर में स्थापित जीव दया संस्थान द्वारा पूरे सितम्बर माह में किडनी की बीमारी से पीड़ित निर्धन मरीजों को निःशुल्क डायलेसिस सेवा दी जायेगी।

# गणेश मूर्ति भेंट

**हिरदाराम नगर।** बजरंग सेना समिति के सदस्यों ने लोगों को घर-घर पहुंचकर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा भेंट की। पंडित रवि पटैरिया ने बताया कि नुक्कड़ वाली माता मंदिर आकर श्री गणेश प्रतिमा भेंट की गई हे। हरदिन भगवान गणेशजी का पूजन पाठ करूंगा। प्रतिमा भेंट करने वालों में बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, जीतू शिवनानी, जगदीश सांवले, राजेश केवलान उपस्थित थे।


1857 की क्रान्ति के
अमर शहीद हमारे महान जनजातीय नायक
राजा शंकर शाह,
कुंवर रघुनाथ शाह
को कृतज्ञ मध्यप्रदेश का
कोटि-कोटि नमन
बलिदान दिवस कार्यक्रम
मुख्य अतिथि
शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
18 सितम्बर, 2023 | दोपहर 1:00 बजे
वेटनरी ग्राउंड, जबलपुर
D-11107/23
मध्यप्रदेश के संकल्पित प्रयास - आगे बढ़ता जनजातीय समाज
वर्ष 2023-24 में ₹ 36950 करोड़ का बजट प्रावधान
सभी जनजातीय विकासखंडों में पेसा नियम लागू
गांवों में ही राशन की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना
साहूकारों के कुचक्र से मुक्त कराने के लिए साहूकारी अधिनियम संशोधन-2020
तेन्दूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक प्रति मानक बोरा ₹450 से बढ़ाकर ₹ 3000 और बोनस 50 प्रतिशत से बढ़ाकर किया 75 प्रतिशत
अति पिछड़ी जनजातियों बैगा, सहरिया, भारिया के पोषण के लिए आहार अनुदान योजना में अब तक ₹ 1460 करोड़ की सहायता
सिकल सेल हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन के माध्यम से इस वंशानुगत बीमारी पर नियंत्रण और स्वास्थ्य की देखभाल
प्रतिवर्ष 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस मनाना प्रारंभ
युवाओं के लिए भगवान बिरसा मुंडा स्व-रोज़गार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं मुख्यमंत्री अनुसूचित जनजाति विशेष वित्त पोषण जैसी योजनाएं लागू
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि मध्यप्रदेश में दान दें
QR CODE
मध्यप्रदेश शासन

### सुविचार

``असंभव को संभव बनाने के लिए लक्ष्य को साधना ही पहला कदम है।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# समानता का अधिकार और आशंकाएं

राजनीति में शुचिता के लिये बीते कुछ साल में काफी कदम उठाए गए हैं। चुनाव आयोग इस मामले में अक्सर नए प्रावधान व सखितयों को शामिल करता रहा है। मगर हाल में राजनीति के अपराधीकरण से जुड़ी एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त एमिकस क्यूरी ने जो सुझाव दिया है, वह भी व्यापक बहस का हिस्सा हो सकता है क्योंकि क्यूरी ने कहा है कि आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जा चुके नेताओं के चुनाव लड़ने पर हमेशा के लिए रोक लगा दी जाए। अभी जो नियम हैं, उसके तहत दोषसिद्धि पर 6 वर्षों के लिए चुनाव लड़ने पर रोक है। ताजा सुझाव में आजीवन प्रतिबंध के पक्ष में जो तर्क दिए गए हैं उनमें सबसे प्रमुख संविधान में दिए गए समानता के अधिकार के उल्लंघन का है क्योंकि इसी तरह की स्थिति में सरकारी नौकरी वालों को बर्खास्त कर दिया जाता है। लिहाजा यह सवाल उठ भी सकता है कि क्या राजनेताओं के लिए अलग पैमाने हैं? उन्हें उच्च आसन पर रखा जाता है।

वैसे तो, दोषी ठहराए जा चुके राजनेताओं की अयोग्यता से जुड़ा कानून है जनप्रतिनिधित्व कानून। इस कानून की धारा 8 का उद्देश्य राजनीति के अपराधीकरण पर लगाम लगाने का है। यही अयोग्य ठहराए जाने की बुनियाद रखती है। पिछले दो दशकों से इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख कानून की इस तरह से व्याख्या का रहा है कि चुनाव लड़ने वालों के खिलाफ आपराधिक मामलों के बारे में वोटरों को जानकारी हो। सुप्रीम कोर्ट इस कानून में व्यापक बदलाव से बचता रहा है। हालांकि, एक अपवाद रहा है। 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने कानून की उस धारा को रद्द कर दिया जो दोषी ठहराए जा चुके नेताओं को अपील के लिए समय देती थी। अयोग्यता को तत्काल प्रभाव से लागू किया। यानी दोषी ठहराए जाने के क्षण से ही जनप्रतिनिधि अयोग्य हो जाता है। हाल में मार्च के महीने में गुजरात में ट्रायल कोर्ट ने राहुल गांधी को मानहानि का दोषी ठहराते हुए 2 साल जेल की सजा सुनाई। वह लोकसभा की सदस्यता से तत्काल अयोग्य ठहराए गए। गुजरात हाईकोर्ट ने बाद में ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी।फिर आखिरकार अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगा दी क्योंकि फैसले में इसके लिए कारण का जिक्र नहीं था और लोकसभा ने उनकी सदस्यता बहाल कर दी। उल्लेखनीय है कि हाल में ही एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच ने मौजूदा 763 सांसदों की तरफ से दिए गए हलफनामों का विश्लेषण करते हुए एक रिपोर्ट दी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक 40 प्रतिशत मौजूदा सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। जनप्रतिनिधित्व कानून को सख्त करने से राजनीति के अपराधीकरण की समस्या दूर नहीं होगी। लिहाजा कमजोर आधार पर सजा के बढ़ाने से सरकार को भी अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को ठिकाने लगाने के लिए सिस्टम का दुरुपयोग करने का ही मौका मिल सकता है। लिहाजा लगता तो यही है कि समानता की दलील के आधार पर मौजूदा कानून में बदलाव करने का कोई तुक नहीं है लेकिन अभी यह बहस आगे भी बढेगी और इसे लेकर कई तरह की राय भी उभरेंगी। बहरहाल सुझाव का आगे चाहे जैसी शक्ल बने,लेकिन राजनीतिक दलों के लिये यह महत्वपूर्ण है कि वह अपने दल की भी आचार संहिता बनाए और टिकट देने के पैमाने भी उसके आधार पर तय करे। यदि राजनीतिक दल ही अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों टिकट देने से बचेंगे तो काफी हद तक यह समस्या हल हो सकती है। इससे दलों के प्रति भी मतदाता का विश्वास बढेगा और शुचिता भी आएगी।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस (17 सितम्बर) पर विशेष

# सुदूर गांव से समूचे विश्व तक भारत की जयकार मोदी के लक्ष्य

**आलोक मेहता**



सत्ता, संपन्नता, शिखर-सफलता से अधिक महत्वपूर्ण है- संघर्ष की क्षमता और जीवन मूल्यों की दृ?ता। इसलिए नरेन्द्र भाई मोदी के प्रधानमंत्री पद और उनकी संगठन की सफलताओं से अधिक महत्ता उनकी संघर्ष यात्रा और हर पड़ाव पर विजय की चर्चा करना मुझे श्रेयस्कर लगता है। सत्ता और संबंधों को बनाने से अधिक महत्व उनकी निरंतरता का है। हर मोड़ पर उन्हें नई चुनौती का सामना करना पड़ा है। गृह प्रदेश गुजरात से लेकर देश के विभिन्न क्षेत्रों में उनके समर्थक हैं और आलोचक विरोधी भी। अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अमेरिका , यूरोप , अफ्रीका , रुस , चीन के आपसी विरोध भी हैं , लेकिन भारत के लिए सबके सहयोग और संबंधों के रास्ते प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने निकाल लिए। पाकिस्तान सरकार , सेना तथा आई एस आई अवश्य आतंकवादी हमलों से विचलित करते हैं , लेकिन दुनिया के अधिकांश देश पाकिस्तान को न केवल दोषी ठहरा रहे , वरन जम्मू कश्मीर सहित भारत के विभिन्न राज्यों में बड़े पैमाने पर विकास के लिए पूंजी लगाने आ रहे हैं। चंद्रयान , सूर्य अनुसंधान के आदित्य अभियान और जी -20 देशों के शिखर सम्मलेन की सफलता पर विश्व समुदाय भारत और नरेंद्र मोदी की सराहना करते जा रहे हैं।

राजधानी में संभवतः ऐसे बहुत कम पत्रकार इस समय होंगे, जो 1972 से 1976 के दौरान गुजरात में संवाददाता के रूप में रहकर आए हों। इसलिए मैं वहीं से बात शुरू करना चाहता हूँ। हिन्दुस्तान समाचार (न्यूज एजेंसी) के संवाददाता के रूप में मुझे 1973-76 के दौरान कांग्रेस के एक अधिवेशन, फिर चिमन भाई पटेल के विरुद्ध हुए गुजरात छात्र आंदोलन और 1975 में इमरजेंसी रहते हुए लगभग 8 महीने अहमदाबाद में पूर्णकालिक रहकर काम करने का अवसर मिला था। इमरजेंसी के दौरान नरेन्द्र मोदी भूमिगत रूप से संघ-जनसंघ तथा विरोधी नेताओं के बीच संपर्क तथा सरकार के दमन संबंधी समाचार-विचार की सामग्री गोपनीय रूप से पहुंचाने का साहसिक काम कर रहे थे।प्रारंभिक दौर में वहाँ इमरजेंसी का दबाव अधिक नहीं दिख रहा था। उन्हीं दिनों 'साधना' के संपादक विष्णु पंडयाजी से भी उनके दफ्तर में जाकर राजनीति तथा साहित्य पर चर्चा के अवसर मिले। बाद में संपादक-साहित्यकार विष्णु पंडया के अलावा नरेन्द्र मोदी ने इमरजेंसी पर गुजराती में पुस्तक भी लिखी। इसलिए यह कहने का अधिकारी हूँ कि सुरक्षित जेल (और बड़े नेताओं के लिए कुछ हद तक न्यूनतम सुविधा साथी भी) की अपेक्षा गुपचुप वेशभूषा बदलकर इमरजेंसी और सरकार के विरुद्ध संघर्ष की गतिविधयाँ चलाने में नरेन्द्र मोदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गिरफ्तारी से पहले सोशलिस्ट जार्ज फर्नांडीस भी भेस बदलकर गुजरात पहुंच थे और नरेन्द्र भाई से सहायता ली थी। मूलतः कांग्रेसी लेकिन इमरजेंसी विरोधी रवीन्द्र वर्मा जैसे अन्य दलों के नेता भी उनके संपर्क से काम कर रहे थे। संघर्ष के इस दौर ने संभवतः नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय राजनीति की कटीली-पथरीली सीढ़ियों पर आगे बढ़ना सिखा दिया। लक्ष्य भले ही सत्ता नहीं रहा हो, लेकिन कठिन से कठिन स्थितियों में समाज और राष्ट्र के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प उनके जीवन में देखने को मिलता है।

इस संकल्प का सबसे बड़ा प्रमाण भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ दूसरी बार सत्ता में आने के कुछ ही महीनों में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने बाकायदा संसद की स्वीकृति के साथ -कश्मीर के लिए बनी अस्थायी व्यवस्था की धारा 370 की दीवार ध्वस्त कर लोकतांत्रिक इतिहास का नया अध्याय लिख दिया। सामान्यतः लोगों को गलतफहमी है कि मोदी जी को यह विचार तात्कालिक राजनीतिक-आर्थिक स्थितियों के कारण आया। हम जैसे पत्रकारों को याद है है कि 1995-96 से भारतीय जनता पार्टी के महासचिव के रूप में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल के साथ जम्मू-कश्मीर में संगठन को सक्रिय करने के लिए पूरे सामर्थ्य के साथ जुट गए थे। हम लोगों से चर्चा के दौरान भी जम्मू-कश्मीर अधिक केन्द्रित होता था, क्योंकि भाजपा को वहां राजनीतिक जमीन तैयार करनी थी। संघ में रहते हुए भी वह जम्मू-कश्मीर की यात्राएं करते रहे थे। लेकिन नब्बे के दशक में आतंकवाद चरम पर था। अमेरिकी राष्ट्रपति बिल किंलटन की भारत-यात्रा के दौरान कश्मीर के छत्तीसिंगपुरा में आतंकवादियों ने 36 सिखों की नृशंस हत्या कर दी। प्रदेश प्रभारी के नाते नरेन्द्र मोदी तत्काल कश्मीर रवाना हो गए। बिना किसी सुरक्षाकर्मी या पुलिस सहायता के नरेन्द्र मोदी सड़क मार्ग से प्रभावित क्षेत्र में पहुंच गए। तब फारूख अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री थे। जब पता लगा तो उन्होंने फोन कर जानना चाहा कि 'आप वहाँ कैसे पहुंच गए। आतंकवादियों द्वारा यहां वहां रास्तों में भी बारूद बिछाए जाने की सूचना है। आपके खतरा मोल लेने से मैं स्वयं मुश्किल में पड़ जाऊँगा।' यही नहीं उन्होंने पार्टी प्रमुख लालकृष्ण आडवाणी जी से शिकायत की कि, आपका यह सहयोगी बिना बताए किसी भी समय सुरक्षा के बिना घूम रहा है। यह गलत है। आडवाणी जी ने भी फोन किया। तब भी नरेन्द्र भाई ने विनम्रता से उत्तर दिया कि मृतकों के अंतिम संस्कार के बाद ही वापस आऊँगा। असल में सबको उनका जवाब होता था कि 'अपना कर्तव्य पालन करने के लिए मुझे जीवन-मृत्यु की परवाह नहीं होती'। जम्मू-कश्मीर के दुर्गम इलाकों-गाँवों में निर्भीक यात्राओं के कारण वह जम्मू-कश्मीर की समस्याओं को समझते हुए उसे भारत के सुखी-संपन्न प्रदेशों की तरह विकसित करने का संकल्प संजोए हुए थे। वैसे भी हिमालय की वादियां युवा काल से उनके दिल दिमाग पर छाई रही हैं। लेह-लद्दाख में जहां लोग ऑक्सीजन की कमी से विचलित हो जाते हैं, नरेन्द्र मोदी को कोई समस्या नहीं होती। उन दिनों लद्दाख के अलावा वह तिब्बत, मानसरोवर और कैलाश पर्वत की यात्रा भी 2001 से पहले कर आए थे। तभी उन्होंने यह सपना भी देखा कि कभी लेह के रास्ते हजारों भारतीय कैलाश मानसरोवर जा सकेंगे। यह रास्ता सबसे सुगम होगा। पिछले कुछ महीनों में दिख रहे बदलाव से विश्वास होने लगा है कि कि लद्दाख और कश्मीर आने वाले वर्षों में स्विजरलैंड से अधिक सुगम, आकर्षक और सुविधा संपन्न हो जाएगा। अमेरिका , यूरोप ही नहीं चीन के साथ भी सम्बन्ध सुधारने के प्रयास सम्पूर्ण जम्मू कश्मीर लद्दाख को सुखी संपन्न बनाना रहा है। सारे तनाव के बावजूद जी -20 देशों के संगठन की अध्यक्षता मिलने से चीन और पाकिस्तान पर दबाव ब?ाने की सुविधा हो गई है। लद्दाख को केंद्र शासित बनाने की मांग को पूरी करने के साथ जम्मू कश्मीर को भी फिलहाल केंद्र शासित रखा और नागरिकों को भी सम्पूर्ण भारत में लागू सुविधाओं - कानूनों का प्रावधान कर दिया। तभी तो पाकिस्तान के साथ चीन भड़का। लेकिन सेना को पूरी छूट देकर मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया कि भारत की एक इंच जमीन पर भी चीन के दानवी पैर न पड़ सकें।

हिमालय की तरह नर्मदा उनके दिल से जुडी हुई है। असली खुशी यह रही कि विवादों से हटकर पचास वर्षों से लटका नर्मदा सरकार सरोवर बांध का निर्माण पूरा होने के बाद लाखों किसानों को खेती तथा गाँवों को पीने का पानी भी पहुंच रहा है। मोदी भारत के ही नहीं विश्व के चुनिन्दा नेताओं में अग्रणी समझे जाने लगे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें अंतरिक्ष, मंगल, चंद्र यानों की सफलताओं से अधिक गाँवों को पानी, बिजली, बेटियों को शिक्षा, गरीब परिवारों के लिए मकान, शौचालय और घरेलु गैस उपलब्ध कराने के अभियानों से अधिक संतोष मिलता है। इसलिये मैं इस धारणा से सहमत नहीं हूं कि गुजरात में हुए औद्योगिक विकास और संपन्नता को ध्यान में रखकर पहले उन्होंने उद्योगपतियों को महत्व दिया और 'सूट-बूट की सरकार' के आरोप लगने पर अजेंडा बदलकर गांवों की ओर ध्यान दिया। आखिरकार, उनका बचपन और 50 वर्ष तक की आयु तो अधिकांश गरीब बस्तियों, गाँवों-जंगलों में घूमते हुए बीती है। फिर गरीबों की चिंता



क्या किसी राजनीतिक दल और विचारधारा तक सीमित रहती है?

हाल ही में अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने वैश्विक चिंताओं को दूर करने और सभी विकासात्मक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर 100 फीसदी सहमति हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए लीड स्टोरी के शीर्षक में लिखा, भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में विभाजित विश्व शक्तियों के बीच समझौता कराया, पीएम मोदी की बड़ी कूटनीतिक जीत। यह वही अ?बार है जो भारत और मोदी विरोधी खबरों के लिए जाना जाता रहा है।अमेरिका ने भारत की अध्यक्षता में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन को पूरी तरह सफल बताया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कियह एक बड़ी सफलता है। जी-20 एक बड़ा संगठन है। रूस और चीन इसके सदस्य हैं। हम इस तथ्य पर विश्वास करते हैं कि संगठन एक बयान जारी करने में सक्षम रहा, जो क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करने का आह्वान करता है। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण बयान है क्योंकि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के मूल में यही है। मजेदार बात यह है कि चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भी सम्मलेन और घोषणा पत्र के लिए भारत की प्रशंसा की। दुबई स्थित मीडिया संगठन गल्फ न्यूज ने इस पहलू पर जोर दिया कि कैसे 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन ने सद्भाव और विविधता में दुनिया को आकार दिया। अखबार ने लिखा, 18वां जी-20 शिखर सम्मेलन ने विविधता और सद्भाव की दुनिया को आकार दिया। ब्रिटिश दैनिक द टेलीग्राफ ने नई विश्व व्यवस्था का मुख्य आकर्षण बनने के लिए भारत के कदम के बारे में बात की। अखबार ने शीर्षक में लिखा, क्यों भारत नई विश्व व्यवस्था का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन में जलवायु संकट जैसी आम चुनौतियों से निपटने पर सार्थक चर्चा की गई। कतर के अल जजीरा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जी-20 शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक समाप्त हो गया है और रूस ने संतुलित घोषणा की सराहना की है।

इससे कुछ सप्ताह पहले ब्रिक्स सम्मलेन के दौरान दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा ने मेहमानों के लिए राजकीय डिनर दिया, तब उनके भाषण में चंद्रयान 3 और भारत ही छाया रहा। भोज में रामफोसा ने कहा, 'आज की रात एक ऐसी रात है जब हमारे पास ब्रिक्स भागीदारों के रूप में जश्न मनाने का और भी अधिक कारण है। कुछ घंटे पहले भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक चंद्र मॉड्यूल उतारकर इतिहास रच दिया और ऐसा करने वाला वह पहला देश बन गया।' उन्होंने कहा, 'हम चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारत सरकार और वहां के लोगों तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई देते हैं।' दक्षिण अफ्रीका के एक अखबार में पीएम मोदी की शान में कसीदे पढ़े गए। जिसका अंदाजा हेडलाइंस से ही लग जाता है। हेडिंग है- इंडियाज मोदी ऑउट ऑफ दिस वर्ल्ड यानी भारत के मोदी इस दुनिया के बाहर की चीज हैं। दक्षिण अफ्रीकी अखबार में भारतीय प्रधानमंत्री का छाना सिर्फ एक राजनेता नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

आज भारत, रक्षा और रणनीतिक मोर्चे पर अमेरिका को लेकर अपनी ऐतिहासिक हिचकिचाहट को न केवल खारिज कर रहा है बल्कि नए आयामों पर भी कार्य कर रहा है। स्पष्ट रूप से, मोदी प्रशासन इस बात पर सा? है की भारत के लिए क्या महत्वपूर्ण है और भारत पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग में उन्हें कैसे प्राप्त करना चाहता है, इस पर आवाज उठाने से बिलकुल भी हिचकिचा नहीं रहा है। आज का भारत संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संलग्नता पर सवालों को न ही टाल रहा है और न ही इस बात को जाहिर करने में कतरा रहा है कि आज का भारत शांति और शक्ति दोनों में समन्वय रखने में विश्वास रखता है।भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय रणनीतिक सहयोग पिछले लगभग दो दशकों में धीरे-धीरे बढ़ा है, लेकिन हाल के वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यह सा? है कि भारत ने एशिया में दोनों देशों के हितों के अभिसरण के बीच अमेरिका के साथ रक्षा और उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्र में संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए परमाणु सहयोग जैसे मुद्दों पर हिचकिचाहट के युग से खुद को बदल दिया है जो अभूतपूर्व और सराहनीय है।प्रधान मंत्री मोदी ने अमेरिका की यात्रा के अवसर पर कहा था कि ÷हम मानते हैं कि भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था इस बात से निर्धारित होगी कि लोकतंत्र इन उभरती प्रौद्योगिकियों को हमारे पक्ष में काम करने के लिए तैयार कर सकता है या नहीं, चाहे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) या क्वांटम या 5त्र या 6त्र या सेमीकंडक्टर्स, बायोटेक्नोलॉजी और अन्य क्षेत्र।÷ भारत की सॉफ्ट और हार्ड पावर क्षमताओं के मामले में भारत की कूटनीति के बदलते आयामों को प्रदर्शित करती है। प्रधानमंत्री 21 मई को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल हुए। यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, स्वस्थ जीवन शैली और ÷वसुधैव कुटुंबकम÷ जिसका अर्थ %विश्व एक परिवार है% की भारत की विचारधारा को प्रतिबिंबित करता है। यह भारत की कूटनीतिक सफलता और प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों का ही परिणाम था कि 21 मई को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी गई।

नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एवं बुनियादी सुविधाओं पर खर्च तेजी से ब?ा। इसमें कोई शक नहीं कि नरेन्द्र मोदी के विचार दर्शन का आधार ज्ञान शक्ति, जन शक्ति जल शक्ति, ऊर्जा शक्ति, आर्थिक शक्ति और रक्षा शक्ति है। लगता है दिन-रात उनका ध्यान इसी तरफ रहता है। इसलिये भारत की ग्राम पंचायतों से लेकर दूर देशों में बैठे प्रवासी भारतीयों को अपने कार्यक्रमों, योजनाओं से जो?ने मे उन्हें सुविधा रहती है। योग, स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत - स्वस्थ भारत , शिक्षित भारत जैसे अभियान सही अर्थों में भारत को शक्तिशाली और संपन्न बना सकते हैं। कोरोना महामारी से निपटने में में भारत की स्थिति दुनिया के अधिकांश संपन्न विकसित देशों से बेहतर रहने कि बात विश्व समुदाय मान रहा है। विशालतम आबादी के अनुपात में मृत्यु दर सबसे कम और कोरोना से प्रभावित होकर ठीक होने वालों की संख्या सर्वाधिक है। आतंकवाद से निपटने के लिए आतंकवादियों के खात्मे के साथ रचनात्मक रास्ता भी सामाजिक-आर्थिक विकास है। तभी तो नरेंद्र मोदी के प्रयासों से दुनिया भारत के साथ ख?ी है और इस्लामिक देश भी पाकिस्तान से दूर हो गए हैं। कश्मीर की तरह पूर्वोत्तर राज्यों को मोदी ने पिछले नौ वर्षों के दौरान अधिकाधिक महत्व दिया। मोदी के प्रधान मंत्री बनने के बाद क्षेत्र का राजनीतिक वातावरण बदलता रहा है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्वोत्तर को विशेष महत्व देने , निरंतर यात्रा करने , सांसदों , विधायकों और पार्टी के नेताओं को इन राज्यों में सक्रिय रखने से भाजपा का प्रभाव ब?ता जा रहा है। केवल मणिपुर किसी षड्यंत्र के कारण भारी हिंसा और तनाव से प्रभावित हो गया।आशा है शीघ्र स्थिति सुधरती जाएगी। पूर्वोत्तर जनतांत्रिक गठबंधन की छतरी के नीचे पार्टी उत्तर पूर्व के सभी आठ राज्यों में गठबंधन सरकारों का हिस्सा है। इसका लाभ 2024 के चुनाव और उसके बाद केंद्र में सहयोगी दलों को जो?ने में मिल सकता है। इस समय कांग्रेस और प्रतिपक्ष के दल सत्तारू? भारतीय जनता पार्टी और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर साम्प्रदायिक भेदभाव और न?रत के गंभीर आरोप लगाकर मुस्लिम वोट पर कब्जे के प्रयास कर रहे हैं।

कर्नाटक में कांग्रेस ने पिछ?ी जाति और मुस्लिम कार्ड खेलकर सफलता पाई। लेकिन इसका दूसरा ब?ा कारण स्थानीय नेताओं की निष्क्रियता और भ्रष्टाचार था। बहरहाल शायद अन्य राज्य इस पराजय से सबक लेंगे। मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी गरीब और जरूरतमंदों को समान रूप से मिल रहा है। इनमें शौचालय, घर, बिजली, सिलेंडर और फ्री राशन जैसी योजनाएं लाभार्थियों का बड़ा वर्ग तैयार किया है, जिनमें पसमांदा मुस्लिम भी शामिल है। इस दृष्टि से मोदी की कोशिश रही है कि विभिन्न राज्यों में मुस्लिम समुदाय का विश्वास जीतने के लिए अल्पसंख्यक मंत्रालय के अलावा अन्य मंत्रालयों की कल्याण योजनाओं का लाभ अधिकाधिक मुस्लिम लोगों को भी मिले। असल में हर वर्ग के लिए शिक्षा , स्वास्थ्य , रोजगार , ग्रामीण विकास , किसानों को उनकी खेती का सही लाभ और सामाजिक जागरुकता के निरंतर प्रयासों से केवल चुनावी सफलता मिल सकती है बल्कि देश और लोकतंत्र का भविष्य उज्जवल हो सकेगा। नई चुनौतियों और सफलताओं के साथ श्री नरेंद्र मोदी के शतायु होने की शुभकामनाएं।

## निशाना

### ढूंढ़ है निकालना !



-कृष्णेन्द्र राय

मारना है चुन चुन कर।
चल रहा अभियान।।
ढूंढ़ है निकालना।
हैं मिले निशान।।
कैसे बच कर जाएंगे ?
कार्यक्रम बनाया।।
सोचना अब है उनको।
मौत को बुलाया।।
जल्द इस समस्या का।
है निकालना हल।।
करना है प्रयोग अब।
पास जीतना बल।।
लगता है लड़ाई अब ये।
होगी आर पार।।
थोड़े से शुरूआत भले।
होगा बड़ा प्रहार।।

## आज का इतिहास

- **1803**- अंग्रेजों ने 18 सितंबर 1803 में ओडिशा के पुरी पर कब्ज़ा किया।
- **1899**- बांग्ला भाषा के प्रसिद्ध लेखक और बंगाली पुनर्जागरण के चिंतकों में से एक राजनारायण बोस का निधन 18 सितंबर 1899 को हुआ।
- **1900**- मॉरीशस के प्रथम मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री एवं छठे गवर्नर-जनरल शिवसागर रामगुलाम का जन्म 18 सितंबर 1900 को हुआ।
- **1906**- भारतीय हास्य कवि काका हाथरसी का जन्म 18 सितंबर 1906 को हुआ।
- **1947**- भारत में 18 सितंबर 1947 को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1947 पारित हुआ।
- **1930**- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा अधिवक्ता जोसेफ़ बैपटिस्टा का निधन 18 सितंबर 1930 को हुआ।
- **1950**- हिन्दी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री शबाना आज़मी का जन्म 18 सितंबर 1950 को हुआ।
- **1953**- हिंदी फिल्मों के हास्य अभिनेता असित सेन का निधन 18 सितंबर 1953 को हुआ।
- **1957**- स्वतंत्रता सेनानी सारंगधर दास का निधन 18 सितंबर 1957 को हुआ।
- **1958**-भारत रत्न से सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, समाज सेवी और शिक्षा शास्त्री भगवान दास का निधन 18 सितंबर 1958 को हुआ।
- **1960**- कनाडा में 1960 के दशक में जीवाश्म की खोज से तहलका मचाने वाले भारतीय जियोलॉजिस्ट जी.बी. मिश्रा को 18 सितंबर 2007 में विशेष सम्मान से नवाजा गया।

गणेश चतुर्थी- 19 सितम्बर 2023 पर विशेष

# गणेश हैं विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता और उन्नत राष्ट्र-निर्माता

**ललित गर्ग**

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे विघ्नहर्ता एवं मंगलकर्ता सात्विक देवता हैं और उन्नत राष्ट्र-निर्माता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। गणेश शिवजी और पार्वती के पुत्र हैं, ऐसे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव का जन्मोत्सव भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को सम्पूर्ण दुनिया में उमंग एवं हर्षोल्लास से मनाया जाता है। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है। महाराष्ट्र का गणेशोत्सव विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

हिन्दुओं में गणेशजी के जन्म के विषय में अलग-अलग कथाएँ प्रचलित हैं। वराह पुराण के अनुसार स्वयं शिव ने पंच तत्त्वों को मिला कर गणेश का निर्माण बहुत तन्मयता से किया। जिससे वे अत्यंत सुन्दर और आकर्षक बने तो देवताओं में खलबली मच गयी, स्थिति को भांप कर शिव ने गणेश के पेट का आकार ब?ा दिया और सिर को गजानन की आकृति का कर दिया ताकि उनके सौन्दर्य और आकर्षण को



कम किया जा सके। शिव पुराण के अनुसार एक बार पार्वती ने अपने उबटन के मैल से एक पुतला बनाया और उसमें जीवन डाल दिया। इसके उपरांत उन्होंने इस जीवधारी पुतले को द्वार पर प्रहरी के रूप में बैठा दिया और उसे आदेश दिया कि वह किसी भी व्यक्ति को अंदर न आने दे। इसके बाद वे स्नान करने लग गई। संयोगवश कुछ ही समय बाद शिव उधर आ निकले। उनसे सर्वथा अपरिचित गणेश ने शिव को भी अंदर जाने से रोक दिया। इस पर शिव अत्यंत क्रोधित हुए और उन्होंने अपने त्रिशूल से गणेश का मस्तक काट दिया। पार्वती ने यह देखा तो वे बहुत दुखी हुईं। तब पार्वती को प्रसन्न करने के लिए शिव ने एक हाथी के बच्चे का सिर गणेश के ध? से लगाकर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। तभी से गणेश, गजानन कहलाए।

### 200 से अधिक किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन अंतर्गत दो दिवसीय किसान सेमिनार आयोजित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

एकीकृत बागवानी विकास मिशन अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषक सेमीनार / संगोष्ठी का आयोजन उद्यानिकी विभाग के नवनिर्मित संभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में 15 से 16 सितम्बर 2023 को आयोजित किया गया। जिसमें जिले के लगभग 200 से अधिक कृषकों द्वारा उद्यानिकी के विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। सेमीनार में मुख्य अतिथि जिला कृषि स्थायी समिति सभापति सम्मानीय अजीत सिंह मंडलोई, पीयूष शर्मा , मोनू यादव, वैज्ञानिक डॉ0 आशीष शर्मा डॉ0 संजीव वर्मा, उप संचालक उद्यान श्रीमति रीता उइके, सहायक संचालक कृषि चेतन मतिखये, आर0ए0साकेत एवं उद्यानिकी विभाग के समस्त अमला उपस्थित रहा।




प्रथम दिवस पर अजीत सिंह मडलोई समापति जिला कृषि स्थायी समिति नर्मदापुरम द्वारा कृषको को उद्यानिकी फसलों को अपनाने एवं वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने हेतु प्रेरित किया गया। कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा के वैज्ञानिक डॉ संजीव वर्मा द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन, डॉ. आशीष शर्मा उद्यानिकी फसलों की उन्नती खेती, अमित पड़ेया द्वारा कृषकों को जैविक खेती पर प्रशिक्षण दिया गया। उद्यानिकी विभाग के पवन रघुवंशी द्वारा कीट प्रबंधन, हीरेश पटेल द्वारा सब्जी उत्पादन की हाईटेक पद्धधि, श्री विकास अग्रहारी द्वारा नर्सरी प्रबंधन पर जानकारी प्रदान की गई। द्वितीय दिवस कार्यशाला में श्रीमति श्यामलता पाल द्वारा खाद्य प्रसंस्करण, श्रीमति रूकमणी मरावी द्वारा कृषको को जानकारी प्रदान की गई।

वैज्ञानिक डॉ संजीव वर्मा द्वारा कृषको को प्रसंस्करण, विपणन, बाजार व्यवस्था पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उप संचालक उद्यान श्रीमति रीता उइके द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई एवं प्रशिक्षण में उपस्थिति कृषकों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन के. के. रघुवंशी एवं अभार प्रदर्शन सुश्री प्रीति मेरावी द्वारा किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला में एस. के.गौर, एम. आर. ठाकरे, आर. के.साध, हिरेश पटैल एवं उद्यानिकी विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थिति रहे।



## ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध की गई चालानी कार्रवाई

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

रविवार को पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ गुरकरन सिंह के आदेश पालन में एसडीओपी नर्मदापुरम पराग सैनी, डीएसपी यातायात नर्मदापुरम संतोष मिश्रा, थाना प्रभारी महिला थाना एवं थाना प्रभारी यातायात के साथ में थाना कोतवाली का बल और यातायात के बल द्वारा सामूहिक रूप से भोपाल तिराहे पर वाहन चेकिग की गई। जिसमें चार पहिया वाहनों में लगी फ़िल्म हटाई गई, और मोडिफाइड साइलेंसर, गलत नंबर प्लेट की चेकिंग की गई। साथ ही बस मोटरसाइकिल और अन्य चार पहिया वाहनों की चेकिंग की गई वाहनों में कमियां पाई जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 26 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर समन शुल्क 11400 रूपए वसूल किया गया।

## मजदूर दिवस विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर कार्यालय का शुभारंभ

### सत्यनारायण स्वामी की कथा कराई, विश्वकर्मा का पूजन किया



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

रेन बसेरा सेठानीघाट के बाद पुनः डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी काम्लेक्स स्टेशन रोड की बिल्डिंग में मजदूर दिवस विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी मजदूर संघ के कार्यालय के शुभारंभ पर भगवान सत्यनारायण स्वामी की कथा के साथ साथ भगवान विश्वकर्मा की भी पूजा अर्चना की गई।

नगर पालिका मजदूर कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा ने बताया कि पार्षदगणों की सहमति व अध्यक्ष जी व सीएमओ साहब के सहयोग से यह असंभव कार्य संभव हो सका। मजदूर संघ को जो कार्यालय मिला है उसमे तत्कालीन तहसीलदार ,व प्रभारी सीएमओ शैलेन्दर बडोनियां के महत्वपूर्ण योगदान को सदा याद रखा जायेगा।

कार्यालय में प्रवेश ,उद्धघाटन व मजदूर दिवस विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर श्री सत्य नारायण स्वामी की कथा के आयोजन में भारतीय मजदूर संघ के प्रथम सिपाही व नगरपालिका कर्मचारी मजदूर संघ के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राधामोहन परसाई से भी विशेष आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेश अत्रे, विधि-सलाहकार अधिवक्ता मनोज जराठे, ओम प्रकाश रावत, मनोहर सराठे, सुखदेव भार्गव, मूरतीसिंह सिंह राजपूत, परशुराम सूर्यवंशी, मनीष स्वामी ,रविशंकर तिवारी इत्यादि सदस्यगण उपस्थित थे।

मजदूर संघ ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नगरपालिका अध्यक्ष महोदया, सीएमओ साहब, सम्माननीय पार्षदगणों से आशान्वित होकर अपेक्षा है कि कर्मचारियों के हित में हमेशा आप सभी का सहयोग मिलता रहेगा कार्यालय आवंटन को लेकर आभार व्यक्त करते हुये बहुत बहुत बधाई दी है।

## आज से विकास रथ पंचायतों में भ्रमण करेगा

**हरदा , दोपहर मेट्रो**

17 सितम्बर 2023/ प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में निवासरत लोगों को देने के उद्देश्य से इन दिनों विकास रथ लगातार भ्रमण कर रहा है। विकास रथ गत 8 सितम्बर से हरदा विकासखण्ड की पंचायतों का लगातार दौरा कर जिले में हुए विकास कार्यो की जानकारी ग्रामीणों को फिल्म के माध्यम से दे रहा है। इसी क्रम में रविवार को विकासरथ हरदा विधानसभा क्षेत्र के



ग्राम झाड़पा, रेसलपुर, गुठानिया, मगरधा, सुखरास, खामापड़वा, डगावाशंकर, रोलगांव, कमताड़ा व बीड़ में पहुँचा। इन ग्रामों में एलईडी टीवी के माध्यम से जिले के विकास पर केन्द्रित फिल्म दिखाई गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खिरकिया ने बताया कि सोमवार से विकास रथ खिरकिया विकासखण्ड का दौरा प्रारम्भ करेगा। सोमवार को मक्तापुर, भंवरदीमाल, मोरगढ़ी, छूरीखाल, सांगवामाल, जटपुरामाल, पहटकला, बारंगा व मांदला ग्रामों का दौरा करेगा तथा फिल्म के माध्यम से वहां के ग्रामीणों को प्रदेश और हरदा जिले में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद 19 सितम्बर को यह विकास रथ बमनगांव, धनवाड़ा, सारंगपुर, चौकड़ी, पाहनपाट, नगावामाल, डेडगांवमाल, कानपुरा व टेमलाबाड़ीमाल का भ्रमण करेगा।

## पिछले 24 घंटों में जिले में 48 मि.मी. औसत वर्षा हुई

**हरदा, दोपहर मेट्रो**

18 सितम्बर 2023/ जिले में गत चौबीस घंटों में 48 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह इस वर्ष अब तक जिले में 1067.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 43.2 मि.मी., टिमरनी में 42.6 मि.मी., खिरकिया में 82 मि.मी. व रहटगांव में 24.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 1090.5 मि.मी., टिमरनी में 1082.6 मि.मी., खिरकिया में 1123.5 मि.मी. व रहटगांव में 974.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 17 सितम्बर तक 1364.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। गत वर्ष 17 सितम्बर तक हरदा तहसील में 1324 मि.मी., टिमरनी में 1591.8 मि.मी., खिरकिया में 1177.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई।




**कार्यालय प्राचार्य, स्वामी विवेकानंद शास. महाविद्यालय बैरसिया जिला भोपाल**

NAAC Accredited-B+, Insttutino

Website :- http www,mphighereducation.nic.in/gebarasiabpl
E-mail :- hegsvdberbho@ mp gov,in phon No :- 07565-299028

क्रमांक 896/ निविदा/ 2023 बैरसिया, दिनांक-12.09.2023

**निविदा सूचना**

स्वामी विवेकानन्द शासकीय महाविद्यालय बैरसिया,परिसर में रिनोवेशन एवं मरम्मत कार्य खुली निविदा जैम पोर्टल के माध्यम से किया जाना है।

| निविदा क्रमांक | विड दिनांक | विड क्लोज दिनांक | सामग्री एवं शर्ते |
|---|---|---|---|
| GEM-2023-B-3946361 | 12.09.2023 | 22.09.2023 | जैम पोर्टल पर उपलब्ध है |

G-19836/ 23

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बैरसिया


**मेट्रो एंकर** तैयारी बैठक में सह संयोजक विस्तारक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# जन आशीर्वाद यात्रा 20 सितंबर को पहुंचेगी नगर इटारसी

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

प्रधानमंत्री के भोपाल आगमन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक पत्रकार भवन संपन्न हुई,जिसमें भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने बताया 20 सितंबर को जन आशीर्वाद यात्रा एवं 25 सितंबर पंडित दीनदयाल की जयंती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल आगमन पर प्रत्येक शक्ति केंद्र एवं बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री, बूथ बीएलए, पन्ना प्रमुख, पन्ना समिति सदस्य एवं समस्त कार्यकर्तायों से आह्वान किया है,कि 20 सितंबर जन आशीर्वाद यात्रा इटारसी आगमन एवं 25 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल आगमन पर बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाएं, आग्रह सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता से किया गया, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद मैना ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां की समस्त बूथों पर दीवार लेखन, आदि विषय पर चर्चा, बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक हरि नारायण, भाजपा वरिष्ठ नेता प्रवीण तिवारी, भाजपा




वरिष्ठ नेता धनपाल पटेल, भाजपा वरिष्ठ नेता नेता दीपक बस्तरवार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि राजा तिवारी,भाजपा महामंत्री राहुल चौरे,भाजपा महामंत्री मोहित सिंह मैंना, भाजपा नगर उपाध्यक्ष प्रदीप रैकवार,भाजपा नगर उपाध्यक्ष अभिनव शर्मा,भाजपा नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र दुबे, सोशल मीडिया प्रभारी नर्मदापुरम विधानसभा राहुल बनर्जी, नगर मीडिया प्रभारी गौरव बढ़कुर, सह मीडिया प्रभारी नरेंद्र राजपूत, सोशल मीडिया प्रभारी सौरभ मेहरा, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष जागृति भदोरिया, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भगवान दास पप्पू पटेल, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश मुन्ना उईके, भाजपा जुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ नगर संयोजक अजय मनजरिया, मतदाता सूची नगर प्रभारी नितिन व्यास एवं शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक विस्तारक आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।








### विधायक उमाकान्त शर्मा ने बेटियों का केसरिया शॉल पटका एवं नगद राशि देकर सम्मान किया

# मुस्लिम महिलाओं ने खून से लिखा मोदी के जन्मदिन पर सलामती के लिए खत





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

महक जनकल्याण समाज सेवा समिति के द्वारा कढ़ाई बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रशिक्षण पूरा करने के उपरांत महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा उपस्थित हुए वही पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म उत्सव मनाया गया जिसमें महक जनकल्याण समाज सेवा समिति के द्वारा संचालिका ने दुआ की कि में दुआ करती हूँ कि अल्हाताला हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को हर बला से बचाए यह बात महक जनकल्याण समाज सेवा समिति की मुस्लिम बहनों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान दुआ करते हुए कही।

#### महिलाओं को बाटी सिलाई मशीन

विधायक उमाकान्त शर्मा के मुख्यातिथ्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम बहनों ने मंच से ही अपना रक्त निकलवाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सलामती ओर ताउम्र देश का नेतृत्व करने संबंधी खून से पत्र भी लिखा । जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा जाएगा।

रविवार को निजी गार्डन में महक जनकल्याण समिति की संचालिका साजिद नाज के नेतृत्व में सिलाई कढ़ाई ब्यूटी पार्लर संबंधित गरीब महिलाओ ओर बेटियों के लिए स्वरोजगार के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते है। समूह की इन्ही महिलाओ ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए यह आयोजन किया था। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित विधायक उमाकान्त शर्मा ने उपस्थित मुस्लिम एवं हिन्दू समाज की समिति में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार करने के लिए दस गरीब बहनों को अपनी ओर से दस सिलाई मशीन एवं बधाई संदेश प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान 73 दीपक प्रज्जवलित करते हुए केक भी काटा गया।

इसके पूर्व कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विधायक शर्मा मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ग्यारह दिव्यांग बेटियों का केसरिया शॉल पटका एवं नगद राशि देकर सम्मान भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज नरेंद्र मोदी जी के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के नारे को इस कार्यक्रम में सार्थक होते हुए देख रहे है। हमारा देश का अमन इसी तरह बरकरार रहे ऐसी में प्रार्थना करता हूं। महक जनकल्याण समिति ने बहुत ही सुंदर ओर प्रेरणादायक आयोजन किया है । इस दौरान उन्होंने बेटियों द्वारा तैयार सांस्कृतिक कार्यक्रमों

### पीएम नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन के उपलक्ष में

# टिकट दावेदार अहिरवार द्वारा मरीजों को फल वितरित एवं किया वृक्षारोपण



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 73वें जन्मदिन के उपलक्ष में राजेश प्रभाकर अहिरवार द्वारा किये मरीजों को फल वितरित एवं किया वृक्षारोपण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा ही पखवाड़ा के तहत भारतीय जनता पार्टी कुरवाई विधानसभा से उम्मीदवारी कर रहे महामंत्री राजेश प्रभाकर अहिरवार के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा शासकीय अस्पताल पहुंचकर मरीजों में फल एवं बिस्किट वितरित किए गए एवं मरीज का हाल-चाल जाना उसी क्रम में सभी कार्यकर्ताओं द्वारा समूह रूप से वृक्षारोपण कर माननीय प्रधान प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन सेवा ही सप्ताह के रूप में मनाया गया महामंत्री राजेश प्रभाकर अहिरवार के साथ में संजीव रघुवंशी , पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र विश्वकर्मा , अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष शिवराज सूर्यवंशी ,जनपद सदस्य देवीलाल बंसल, अरविंद बघेल सतीश शर्मा,बृजेंद्र अहिरवार ,उपाध्यक्ष संजीव दांगी , कैलाश रघुवंशी, मनोज झा ,राकेश विश्वकर्मा ,डां.सुरजीत दांगी , देवेंद्र पाल ,सरपंच कमल सिंह सरपंच माखन अहिरवार, आजद विश्वकर्मा, मुकेश चौकसे,नारायण विश्वकर्मा बब्लू विश्वकर्मा, उमकार कुशवाह,आदि कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# हीरा बेन उद्यान में पौधरोपण कर मनाया नरेंद्र मोदी का जन्मदिन- मरीजों को बांटे फल






**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

#### उमाकान्त सहित भाजपा नेताओं ने रोपे 73 पौधे

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 73 वे जन्मदिन के मौके पर विधायक उमाकांत शर्मा एवं भाजपा संगठन के नेताओं, जनप्रतिनिधियों ने 73 पौधे रोपकर मनाया। इसके पूर्व उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में राजीव गांधी अस्पताल पहुँचकर भर्ती मरीजों को फल एवं बिस्कुट का वितरण भी किया। द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने विश्व में भारत देश के गौरव को बढ़ाया है वह प्रत्येक भारतीय के मानबिंदु है। मोदी जी के नेतृत्व में हाल ही में हुई जी 20 समिट में उन्होंने सारे विश्व को शाँति ओर विकास के मुद्दे पर एकजुट करने में सफलता प्राप्त करते हुए भारत में निवेश करने के लिए प्रेरित किया है। वह अपनी माँ स्व. हीरा बेन से बड़ा प्रेम करते थे आप के जन्मदिन पर वह सदैव उनका आशीर्वाद लेने जाते थे और वह उनका मीठा मुँह कराकर आशीर्वाद देती थी वह देवी स्वरूपा माँ जिन्होंने नरेंद्र मोदी जैसे हीरे को जन्म दिया आज इस उद्यान का नामकरण उनकी माँ के नाम पर करके हम गौरवान्वित है। उन्होंने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से अपने द्वारा रोपे गए पौधे की सुरक्षा एवं देखभाल करने का भी आव्हान किया। इस अवसर पर उन्होंने आम के पौधे का रोपण किया। इसके पूर्व भाजपा संगठन के नेताओं ने भोपाल रोड स्थित शासकीय अस्पताल पहुँचकर प्रसूति एवं जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों को फल एवं बिस्कुटों का वितरण कर मोदी जी के दीर्घायु होने एवं नेतृत्व करने की कामना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेश यादव,हरीबाबू भार्गव,संतोष चौरे,मंडल अध्यक्ष नितिन मित्तल,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, टीकाराम शाक्य, जयनारायण सेन, सचिन शर्मा, रिंकू यादव,संजू सोनी, तोषमनी पंथी रोहित रघुवंशी, नफीस मियां, मुंशीलाल कुशवाह, जगदीश मालवीय आदि के साथ कार्यकर्ताबन्धु उपस्थित रहे।

# बाबा रामदेव की निकली शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रविवार को बंजारा समाज जनों के द्वारा बाबा रामदेव जी की शोभायात्रा बड़े उत्साह के साथ निकाली यात्रा का नगर में जगह-जगह विभिन्न समाज एवं समाजसेवी संगठनों ने फूलों की बारिश करके स्वागत किया भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस के अलावा अन्य दलों का समाजसेवी ने भी स्वागत किया। भोपाल रोड से शोभायात्रा आई शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए देवपुर धाम पहुंची जहां पर पूजा अर्चना के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। वहीं चल समारोह में बाबा रामदेव की बड़ी तस्वीर रथ पर विराजमान थी डीजे की धुन पर बाबा रामदेव जी के भक्ति भाव से ओतप्रोत भजनों पर युवा झूमते नाचते चल रहे थे। बड़े उत्साह के साथ बाबा रामदेव जी का जन्म उत्सव मनाया गया हर साल शोभायात्रा निकाली जाती है। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद थे ।

# सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा की, विश्वकर्मा समाज ने मनाई जयंती

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



रविवार को सृष्टि की रचना करने वाले ब्रह्मा जी का जन्मदिन बड़े बड़ी हरसोलश के साथ नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में विश्वकर्मा समाज जनों ने मनाया श्री जटाशंकर पर स्थित मंदिर पर विश्वकर्मा समाज जनों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की पूजन । प्रातः भगवान का जलाभिषेक हुआ,दोपहर के समय पूजन के बाद महाप्रसादी वितरित की गई। तो वही श्री विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति एंव श्री विष्वकर्मा महापंचायत द्वारा शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में पहुंचकर मरीजों को फल आदि का वितरण किए और सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा से भक्तों ने सुख-समृद्धि व धन-धान्य की कामना की। इसके अलावा कई आयोजन शहर के साथ ग्रामीण अंचलों में भी किए गए।

**मेट्रो एंकर** | जब इस पृथ्वी पर अन्याय अत्याचार बढ़ता है तो भगवान भक्तों की रक्षा के लिए जन्म लेते हैं

# भक्तों की रक्षा के लिए हमेशा भगवान किसी न किसी रूप में आते हैं : पंडित बृजेश तिवारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



ग्राम रुसली घाट मैं चल रही भागवत कथा में तीसरे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्म महोत्सव बनाया गया । भगवान श्री कृष्ण के जन्म का वृतांत बताते हुए कथावाचक पंडित बृजेश तिवारी ने कहा कि जब-जब इस पृथ्वी पर अन्याय अत्याचार बढ़ता है तो भगवान भक्तों की रक्षा के लिए जन्म लेते हैं, पापियों का सर्वनाश करते हैं । सच्चे मन से भक्ति करने वालों की रक्षा करने भगवान किसी न किसी तरह सहायता करने उनके पास आते हैं। वही देवकी वासुदेव पर एवं लोगों पर कंश ने अत्याचार किया तो भगवान कृष्ण ने जन्म लिया और कंस का संघार किया कई प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। वहीं कथा सुनने के लिए कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे भी पहुंचे भक्तो में खिलौने चॉकलेट प्रसाद बाटी एवं भाव भंवर होते हुए सभी के साथ नाचते नजर आए । वहीं भागवत कथा के मुख्य यजमान रामबाबू साहू के द्वारा प्रतिवर्ष करवाई जाती है। कथा विश्राम होने पर आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्ता कथा सुनने के लिए पहुंचे।

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ



विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

### भारतीय टीम का टॉप ऑर्डर फॉर्म में हैं, बॉलर भी दिखा रहे कमाल

# भारत ने एशिया कप जीतकर सबसे बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए अपने इरादे कर दिए हैं साफ

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टीम इंडिया मिशन वनडे वर्ल्ड कप के लिए तैयार है। भारत ने एशिया कप जीतकर सबसे बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए अपने इरादे साफ कर दिए हैं। भारतीय टीम का टॉप ऑर्डर फॉर्म में हैं, नंबर-4 और मिडिल ऑर्डर पोजिशन पर केएल राहुल, ईशान किशन के साथ श्रेयस अय्यर भी तैयार हैं। गेंदबाज पावरप्ले के साथ मिडिल ओवर्स में भी विकेट ले रहे हैं। टीम ने नॉकआउट स्टेज में चोक करने के सिलसिले को भी तोड़ दिया है। एशिया कप जीत कर भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप के इरादे बता दिए हैं।



### नॉकआउट में चोक पर ब्रेक

टीम ने 2018 के बाद पहली बार कोई मल्टीनेशन टूर्नामेंट जीता। 5 साल पहले भी भारत ने एशिया कप ही जीता था, लेकिन इसके बाद टीम ने 2019 में वनडे वर्ल्ड कप, 2022 में टी-20 वर्ल्ड कप व 2021-2023 में 2 बार वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के नॉकआउट मुकाबले गंवा दिए थे। अब 2023 में टीम ने एशिया कप फाइनल जीत कर नॉकआउट स्टेज में चोक कर जाने के रिकॉर्ड पर ब्रेक लगा दिया। 2015 में वर्ल्ड कप सेमीफाइनल, 2016 में टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल, 2017 में चैम्पियंस ट्रॉफी का फाइनल भी गंवाया। यानी भारत ने पिछले 10 साल में 8 नॉकआउट मुकाबले गंवाए। टीम को 3 बार सफलता मिली और तीनों ही मौके एशिया कप में आए। इस बार फिर टीम ने एशिया कप में ही नॉकआउट जीता है, जो वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए भारत के लिए सुखद माना जा सकता है।

### मिडिल ओवर्स में विकेट टेकिंग बॉलर्स

टीम इंडिया शुरुआती 10 ओवरों में तो विकेट निकाल कर दबाव बना रही थी। लेकिन मिडिल ओवर्स में गेंदबाज कुछ ज्यादा ही रन लुटा रहे थे। एशिया कप में इस समस्या को कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा के साथ हार्दिक पंड्या की बॉलिंग ने भी सॉल्व कर दिया। कुलदीप ने एशिया कप के 4 मैचों में बॉलिंग की। नेपाल के खिलाफ उन्हें कोई विकेट नहीं मिला और फाइनल में वह एक ही ओवर फेंक सके। पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने बाकी 2 मैचों में 5 और 4 विकेट लिए। वह मिडिल ओवर्स में एक बार फिर टीम के ट्रम्प कार्ड बनकर उभरे। जडेजा ने ज्यादातर स्पिन पिचों का फायदा उठाया। नेपाल के खिलाफ उन्होंने 40 रन देकर 3 विकेट लिए।

### टॉप ऑर्डर बल्लेबाज फॉर्म में

एशिया कप से पहले शुभमन गिल वेस्टइंडीज दौरे पर बुरी तरह फ्लॉप रहे थे। ऐसे में उन्हें ईशान किशन से रिप्लेस करने की बातें होने लगीं। विराट कोहली ने लम्बे समय से वनडे नहीं खेला था, वहीं रोहित शर्मा भी आउट ऑफ फॉर्म लग रहे थे। शुभमन ने आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया और पाकिस्तान-नेपाल के खिलाफ 2 फिफ्टी लगा दीं। रोहित शर्मा के साथ 2 सेंचुरी पार्टनरशिप करने के बाद उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में चेज करते हुए सेंचुरी लगाई। शुभमन टीम को जिता तो नहीं सके लेकिन मुश्किल सिचुएशन में उन्होंने अपनी बैटिंग को साबित कर दिया।

**ऑलराउंडर्स**

### सबसे बड़ी जरूरत

टीम इंडिया लम्बे समय से ऑलराउंडर्स रखने पर जोर दे रही है। हार्दिक-जडेजा दोनों प्लेइंग-11 का हिस्सा रहते हैं और नंबर-8 की पोजिशन पर भी टीम बैटिंग कर सकने वाले गेंदबाज को ही प्राथमिकता देती है। एशिया कप में इस सवाल का जवाब शार्दूल के साथ अक्षर पटेल से भी मिला। हार्दिक ने बैटिंग और बॉलिंग दोनों में फॉर्म दिखाया। पाकिस्तान के खिलाफ 87 रन की पारी ने मैच्योरिटी दर्शाई। वहीं श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ उनकी बॉलिंग ने टीम को बेहतरीन गेंदबाज भी दिया। अक्षर ने 2 ही मैच खेले, लेकिन दोनों में उन्होंने अपनी बैटिंग से साबित किया कि वे नंबर-8 पर बेस्ट चॉइस रहेंगे। श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने 26, बांग्लादेश के खिलाफ 42 रन बनाए।

**एशियन गेम्स**

## शिवम मावी की जगह आकाश दीप को मौका

**मुंबई, एजेंसी**

बीसीसीआई ने एशियन गेम्स खेलने जा रही भारतीय क्रिकेट टीमों में एक-एक बदलाव किया है। बोर्ड ने पुरुष टीम में शिवम मावी की जगह आकाश दीप और महिला टीम में लेफ्ट ऑर्म पेसर अंजली सरवानी की जगह स्टैंड बाय खिलाड़ी पूजा वस्त्राकर को चुना गया है। एशियन गेम्स का आयोजन 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के होंगझू शहर में खेला जाएगा। बोर्ड में पिछले महीने दोनों टीमों का ऐलान किया था। एक महीने पहले बीसीसीआई ने मेंस और विमेंस दोनों ही कैटेगरी की टीमों में खिलाड़ियों के नाम जारी किए थे। दोनों ही टीमें टूर्नामेंट में अपना पहला मैच क्वार्टर फाइनल के रूप में खेलेंगी। फिर सेमीफाइनल होगा। इस तरह फाइनल तक पहुंचने के लिए दोनों ही टीमों को 2 लगातार मैच जीतने होंगे। एशियन ओलिंपिक कमेटी के नियमों के अनुसार, विमेंस और मेंस दोनों कैटेगरी में रैंकिंग में एशिया की टॉप-4 टीमों को सीधे क्वार्टर फाइनल में एंट्री दी जाएगी।

**विमेंस में 14, मेंस में 18 टीमें हिस्सा लेंगी :** क्रिकेट के सभी मैच झीजांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड के मैदान पर खेले जाएंगे। विमेंस कैटेगरी में 14 टीमें और मेंस में 18 टीमें पार्टिसिपेट करेंगी। टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा और एक दिन में 2 मैच होंगे। एक जून 2023 तक आईसीसी रैंकिंग में एशिया की टॉप-4 नंबर पर रहीं टीमों को सीधे क्वार्टर फाइनल में एंट्री मिलेगी। इसी डेडलाइन के हिसाब से बाकी टीमों की रैंकिंग और मैच भी तय होंगे। होंगझू में झीजांग यूनिवर्सिटी के इस ग्राउंड पर एशियन गेम्स क्रिकेट के सभी मैच होंगे।

होंगझू में झीजांग यूनिवर्सिटी के इस ग्राउंड पर एशियन गेम्स क्रिकेट के सभी मैच होंगे।

### सीरीज से पहले नंबर-वन पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की टीम नंबर-3 पर पहुंची

# वनडे रैंकिंग में नंबर-वन टीम बनी पाकिस्तान

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी**

साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-2 से हार के बाद ऑस्ट्रेलिया को वनडे रैंकिंग में नुकसान हुआ। सीरीज से पहले नंबर-1 पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया नंबर-3 पर पहुंच गया। एशिया कप चैम्पियन भारत नंबर-2 पर आ गया, वहीं एशिया कप में 2 मैच हारने वाला पाकिस्तान नंबर-1 पर पहुंच गया है। साउथ अफ्रीका ने वनडे सीरीज 3-2 से जीती। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की



टी-20 सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती थी। ऑस्ट्रेलिया अब 22 सितंबर से भारत में 3 वनडे की सीरीज खेलेगा। जबकि साउथ अफ्रीका अब सीधे वनडे वर्ल्ड कप में ही उतरेगा। साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पांचवां वनडे 122 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 5 वनडे की सीरीज भी 3-2 के अंतर से जीत ली। जोहान्सबर्ग में पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने 9 विकेट पर 315 रन बनाए।

### 10 मीटर राइफल फाइनल में 252.2 का स्कोर किया

# इलावेनिल ने आईएसएसएफ में जीता गोल्ड

**रियो, एजेंसी**

ओलिंपिक मेडलिस्ट इलावेनिल वलारिवन ने रियो में हो रहे आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल में गोल्ड जीत लिया है। फाइनल में उन्होंने 252.2 का स्कोर कर पहले स्थान पर रही। वह फाइनल में 24 शॉट में कभी भी 10.1 से नीचे स्कोर नहीं किया। वहीं फ्रांस की ओसिएने मुलर 251.9 स्कोर के साथ सिल्वर जीता। जबकि चीन की झांग जियाले को ब्रॉन्ज मेडल मिला। इला पांच शॉट के बाद 52.6 स्कोर के साथ दो अन्य शूटरों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि चीन की झांग जियाले 53.4 स्कोर के साथ पहले स्थान पर रही। 10 शॉट के बाद इला झांग यू के साथ टॉप पर रही। 12 वें शॉट के बाद ऑस्ट्रेलियाई शूटर मार्लीन प्रिबिट्जर बाहर हो गई और आठवें स्थान पर रही। 16 शॉट के बाद भी एक अन्य शूटर के साथ इला पहले स्थान पर कायम रही। 17 वें शॉट के बाद वह दूसरे स्थान पर खिसक गई। वहीं 2 शॉट शेष रहने पर वह 0.5 के अंतर से आगे रहीं। आखिरी शॉट में 10.6 स्कोर के बाद ओवर ऑल वह फ्रांसीसी शूटर से 0.3 अंकों से आगे रह कर गोल्ड जीता। आठवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए अपना स्थान पक्का किया था इला शनिवार सुबह 630.5 के स्कोर के साथ क्वालिफाइंग राउंड में आठवें स्थान पर रही थी, फ्रांस की ओसिएने मुलर 633.7 स्कोर के साथ टॉप पर थी। इलावेनिल मिक्स्ड टीम इवेंट में संदीप कुमार के साथ पांचवें स्थान पर रही। उन्होंने 629.1 स्कोर किया।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## खुद को एक्सेप्ट करना इतना आसान नहीं- विद्या

एक्ट्रेस विद्या बालन ने एक इंटरव्यू में कहा कि 'खुद की बॉडी से प्यार करना और उसे एक्सेप्ट करना मेरे लिए इतना आसान नहीं था। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए मुझे बहुत मेहनत करनी पड़ी है। लोग हमेशा मुझसे पूछते हैं कि क्या आप एक्सरसाइज नहीं करती हैं? लेकिन ऐसा नहीं हैज्मुझे योग करना पसंद है और मैं सालों से ऐसा करती आ रही हूं। अक्सर बॉडी पॉजिटिविटी के बारे में खुलकर बात करती हैं। हालांकि, अपनी बॉडी से प्यार करने और उसकी सुंदरता को एक्सेप्ट करने में उन्हें बहुत समय लगा। एक्ट्रेस ने हाल ही में बताया कि वह बचपन में काफी हेल्दी थीं। ऐसे में एक्ट्रेस की मां को उनके बढ़ते वजन की चिंता होती थी और उन्होंने बचपन में विद्या का डाइट प्लान बना दिया था, जिसके बाद विद्या मां से नाराज हो गई थीं।



### मां को डर था मैं मोटी हूं

विद्या ने अपने बचपन के बारे में बात की। उन्होंने कहा- 'मेरी मां को यह डर था कि मैं एक मोटी लडडी हूं। इसलिए वह मेरा वजन कम करने के लिए लगातार कुछ न कुछ करती रहती थीं। वह इस बात को लेकर डरी हुई थीं कि लोग मेरे वजन का मजाक बनाएंगे।

### मुझे मां पर बहुत गुस्सा आता था

विद्या ने आगे कहा- माता-पिता हमेशा अपने बच्चों के लिए परेशान रहते हैं। हालांकि तब मुझे अपनी मां पर बहुत गुस्सा आता था। मुझे लगता था कि वह मुझसे योगा क्यों करवाती हैं? वह मुझे इतनी कम उम्र से ही डाइटिंग क्यों करा रही हैं? मैं बचपन से ही अपने शरीर से नफरत करती थी। शायद ऐसा इसलिए था क्योंकि मेरी मां हमेशा मेरे वजन को लेकर परेशान रहती थीं।

## किरदार में ढलने के लिए एक्टर कार्तिक आर्यन डाइटिंग कर रहे हैं

अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म चंदू चैंपियन को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के लिए वह जमकर तैयारियां कर रहे हैं। किरदार में ढलने के लिए एक्टर डाइटिंग कर रहे हैं। हाल ही अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने खुद यह खुलासा किया। डाइटिंग के चक्कर में कार्तिक चीजें याद रखना तक भूल रहे हैं, इसलिए वह कबीर खान को जन्मदिन की बधाई तक समय पर नहीं दे सके। चंदू चैंपियन के निर्देशन कबीर खान का 14 सितंबर को जन्मदिन था। लेकिन, कार्तिक आर्यन उन्हें बधाई देना ही भूल गए। कार्तिक ने सोशल मीडिया पर लिखा, कबीर सर, चंदू का डाइट इतना चल रहा है कि होश ही नहीं है। इंस्टा पर लेट पोस्ट हो रहा है। इस पर कबीर खान ने भी काफी दिलचस्प जवाब लिखा।



## सलमान खान ने भांजी अलीजेह को दी नसीहत

अ सलमान खान ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर की। इस पोस्ट में उन्होंने अपनी भांजी अलीजेह अग्निहोत्री के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर की। तस्वीर के साथ उन्होंने एक खूबसूरत नोट भी लिखा। अलीजेह सलमान की बहन अलवीर खान और अतुल अग्निहोत्री की बेटी हैं। सलमान ने अलीजेह के लिए लिखा, 'मामू पर एक एहसान करो। जो भी करना दिल और मेहनत से करना। हमेशा याद रखो, लाइफ में सीधा जाओ और दाएं मुड़ जाओ। सिर्फ खुद से ही कम्पीट करो। फिट होने के चक्कर में सबके जैसी मत हो जाना और अलग होने के चक्कर में सबसे अलग मत हो जाना। और सबसे जरूरी बात, एक बार जो तुमने कमिटमेंट कर दी, तो फिर मामू की भी मत सुनना।



### शेयर किए अलीजेह के बचपन का फोटो

सलमान ने जो पुरानी फोटो शेयर की उसमें वे अलीजेह को अपनी गोद में लिए हुए हैं। दोनें एक-दूसरे को देखते हुए मुस्कुरा रहे हैं। अलीजेह नेवी ब्लू ड्रेस में और सलमान ब्लैक टी-शर्ट में नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए अलीजेह ने कमेंट कर लिखा- थैंक्यू मामू। वहीं सलमान की एक्स गर्लफ्रेंड रहीं संगीता बिजलानी ने कमेंट कर लिया, 'अनमोल शब्द'। दोनों के अलावा बिग बॉस फेम प्रियंका चहर चौधरी ने लिखा, 'खूबसूरत तस्वीर के साथ बहुत ही क्यूट कैप्शन सलमान सर..' वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान जल्द ही 'टाइगर 3' में नजर आएंगे। सलमान और कटरीना कैफ स्टारर यह फिल्म इसी साल दिवाली पर रिलीज होगी। इसके अलावा सलमान जल्द ही टाइगर वर्सेज पठान पर भी काम शुरू करेंगे। फिल्म में 28 साल बाद शाहरुख और सलमान खान साथ नजर आएंगे। दोनों ने इससे पहले 1995 में रिलीज 'करण-अर्जुन' में साथ काम किया था।



## बीएसएनएल और वोडाफोन-आइडिया के यूजर्स कम हुए

**मेट्रो बाजार**

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया की रिपोर्ट अनुसार जून 2023 में कंपनी के यूजर्स की संख्या लगातार कम हुई थी। वोडाफोन-आइडिया के 12.85 लाख यूजर्स ने इस दौरान नेटवर्क को छोड़ा था। इससे कंपनी के कुल उपभोक्ताओं की संख्या 22.97 करोड़ रह गई है। इससे पहले कंपनी ने मई 2023 में 28.2 लाख यूजर्स खोए थे। वहीं दूसरी ओर टेलिकॉम ऑपरेटर वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड ने सरकार को 5 फीसदी और कुछ अन्य स्पेक्ट्रम के लिए 1,700 करोड़ रुपए का पेमेंट किया है। कंपनी ने इन स्पेक्ट्रम को पिछले साल खरीदा था। लेकिन करीब 2.1 लाख करोड़ रुपए की कर्ज में डूबी कंपनी ने इसके पेमेंट में देरी कर दी थी, जिसके चलते उसे कुछ




अतिरिक्त पेमेंट भी करनी पड़ी है। सरकार से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि वोडाफोन-आइडिया की ओर से स्पेक्ट्रम और लायबिलिटी के लिए 1,700 करोड़ रुपए का चेक मिला है। कंपनी फिलहाल, सब्सक्राइबर्स की कमी के चलते फाइनेंशियल क्राइसिस से गुजर रही है। वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड में सरकार का 33 फीसदी स्टेक है। जिसे सरकार ने कुछ इंटरेस्ट पेमेंट के बदले यह हिस्सेदारी ले रखी है। टेलिकॉम ऑपरेटर के शेयरों में पिछले एक महीने में 51 फीसदी से ज्यादा की तेजी रही है। कंपनी का स्टॉक 9.63 फीसदी बढ़कर 11.95 रुपए हो गया, जो एक साल में इसका उच्चतम स्तर है। वहीं सालाना स्तर पर कंपनी का शेयर 109.65 फीसदी बढ़ा है। कंपनी का स्टॉक 9.63 फीसदी बढ़ कर 11.95 रुपए हो गया, जो एक साल में उच्चतम स्तर है।

## जीप कंपस फेसलिफ्ट लॉन्च, हैरियर से होगी टक्कर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीप इंडिया ने आज भारत में कंपस का फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च किया है। कंपनी ने कार में बड़ा अपडेट इसके ट्रांसमिशन में किया है। अब इसमें 9 स्पीड ऑटोमेटिक गियरबॉक्स के साथ 2 व्हील ड्राइव का ऑप्शन मिलेगा। ऑटोमैटिक गियरबॉक्स पहले सिर्फ 4×4 वैरिएंट तक सीमित था। इस ट्रांसमिशन के साथ कार 17.1 kmpl का माइलेज देती है। अपडेटेड जीप कंपस को 5 ट्रिम्स- स्पोर्ट, लॉन्गिट्यूड, लॉन्गिट्यूड+, लिमिटेड और मॉडल एस में पेश किया गया है। एंट्री लेवल मॉडल स्पोर्ट सिर्फ मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ मिलेगा। अन्य ट्रिम्स में ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन के साथ ऑप्शन मिलेगा। इसके अलावा मॉडल एस वैरिएंट में ब्लैक शार्क एडिशन भी पेश किया है, जिसमें ब्लैक अलॉय व्हील के साथ इग्नाइट रेड एलिमेंट्स मिलते हैं। अमेरिकी ऑटोमेकर जीप ने एंट्री-लेवल कंपस की कीमत में लगभग 1 लाख रुपए और टॉप वैरिएंट की कीमत में करीब 6 लाख रुपए कम किए हैं। अब नई जीप कंपस की कीमत 20.49 लाख रुपए से शुरू होती है, जो टॉप वैरिएंट में 23.99 लाख रुपए (दोनों कीमतें, एक्स-शोरूम) तक जाती है। 2023 जीप कंपस 2WD की बुकिंग ऑफिशियल वेबसाइट और देशभर में डीलरशिप पर शुरू कर दी गई है।



# शातिर वाहन चोर से चोरी के दो वाहन जब्त

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**अयोध्या नगर पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास चोरी के 2 दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। यह वाहन उसने अयोध्या नगर इलाके से ही चोरी किए थे।**



पुलिस के मुताबिक ग्राम ओमकारा सेवनिया थाना सूखी सेवनिया निवासी देवेंद्र पाल और धर्मेंद्र रजक निवासी विश्वकर्मा नगर करोंद की अयोध्या नगर इलाके से दोपहिया वाहन चोरी हुए थे। शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि अयोध्या नगर चौराहे से चोरी हुई मोटर सायकिल को एक युवक करोंद इलाके में सस्ते दामों पर बेचने का प्रयास कर रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम दिनेश उर्फ राहुल मीणा (20) निवासी ग्राम गनाखे?ी थाना नजीराबाद बताया। आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली गई। आगे पूछताछ पर दूसरी बाइक नरेला गांव स्थित उसके किराए के मकान से बरामद की गई है। जब्त हुए दोनों वाहनों की कीमत एक लाख रुपये बताई गई है।

## स्कूटर और बाइक बरामद



इधर, अरेरा हिल्स थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वल्लभ नगर क्रमांक एक स्थित महाबली गेट के पास एक युवक चोरी की बाइक के साथ मौजूद है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सुनील बिछेले उर्फ सुनील काला (28) निवासी विकास नगर गोविंदपुरा बताया। उसके पास मौजूद बाइक को लेकर पूछताछ करने पर बताया कि कुछ दिन पहले ऐशबाग इलाके से चोरी की थी। थाने लाकर पूछताछ करने पर बैराग? इलाके से एक स्कूटर चोरी करना बताया, जिसे पुलिस ने उसके चालीस क्वार्टर पिपलानी स्थिथ किराए की झुग्गी से बरामद किया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल। शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित डी टू स्टेट बैंक के पास रहने वाले एक युवक ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।



पुलिस के अनुसार जयेश देवनाथ पिता जगदीश देवनाथ (25) डीटू स्टेट बैंक के पीछे शाहपुरा?में रहता?था। वह प्राइवेट काम करता?था। परिजन ने बताया कि जयेश ने बीती रात करीब सा? 11 बजे के आसपास अपने कमरे में फांसी लगा ली। किसी तरह दरवाजा तो?ा गया तो वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई?थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस आज पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज करेगी।

### मंडीदीप-औबेदुल्लागंज रोड स्थित सराकिया ब्रिज पर बनाई गई थी रील

# चलती कार की छत पर खड़े होकर रील बनाने वाले तीन युवक पकड़े, दो लग्जरी कारें जब्त

■ **सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भोपाल की ट्रैफिक पुलिस ने पकड़ा**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

चलती कार की छत पर खड़े होकर रील बनाने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। यह तीनों युवक मंडीदीप जिला रायसेन के रहने वाले हैं, जिन्होंने मंडीदीप-औबेदुल्लागंज रोड स्थित सराकिया ब्रिज पर यह रील बनाई थी। इस मामले में आरोपियों की दो लग्जरी कारों को जब्त किया गया है। डीसीपी ट्रैफिक पद्मविलोचन शुक्ल ने आरोपियों की तलाश में एक विशेष टीम लगाई थी। आगे की कार्रवाई के लिए तीन ल?कों को सतलापुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

ट्रैफिक सूबेदार महेश कुमार जगदेव ने बताया कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक रील वायरल हुई थी। इस रील में एक एक युवक चलती हुई कार की छत पर ख? होकर डांस कर रहा था, जबकि उसके बगल में भी एक कार चल रही थी। वायरल हुई इस रील को कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित सिंचार चोली ब्रिज का होना बताया गया था। मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मिली तो डीसीपी पद्मविलोचन शुक्ल ने एक विशेष टीम बनाकर उक्त कार वाले युवकों को तलाश में लगाया था। पुलिस टीम ने शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो कारों के नंबर मिल गए। वीडीपी पोर्टल के माध्यम से सर्च करने पर उनका पता मंडीदीप जिला रायसेन का मिला। उसके बाद सूबेदार महेश कुमार अपने साथी हेड कांस्टेबल संदीप दुबे को लेकर मंडीदीप स्थित बताए गए पते पर पहुंचे। यहां से पुलिस ने स्टंट करने वाले चेतन डागे (25) और उसके साथी रितिक कुशवाह (22) तथा शशांक गोस्वामी (24) को पक? लिया। उनके पास से दो लग्जरी कारें भी जब्त की गई हैं।



### सतलापुर थाना पुलिस करेगी आगे की कार्रवाई

सूबेदार महेश कुमार ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तीनों ल?कों और उनकी कारों को सतलापुर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह के सुपुर्द कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई सतलापुर थाना पुलिस द्वारा की जाएगी। गौरतलब है कि वाहन चलाते समय इस प्रकार के स्टंट करना न केवल ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इसमें खुद के साथ दूसरों की जान का जोखिम भी रहता है।

# वाहन की टक्कर से कट लगा, डिवाइडर में घुसे बाइक सवार एक की मौत, दूसरा गंभीर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित धनवंतरी पार्क के सामने रविवार शाम अज्ञात वाहन का कट लगने से बाइक सवार दो युवक डिवाइडर में जा घुसे। हादसे में दोनों को सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।




एएसआई अरविंद कौरव ने बताया कि धनवंतरी पार्क के पास रविवार शाम करीब छह बजे के आसपास एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो वहां स?क पर काफी सारा खून प?ा मिला। आसपास लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि दो युवकों को एक्सीडेंट हुआ था और उन्हें एंबुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची है। रात करीब आठ बजे के आसपास एम्स से पुलिस को सूचना मिली और पुलिस की टीम एम्स पहुंची। इस दौरान पता चला कि एक्सीडेंट यशपाल सिंह राजपूत (38) निवासी दौलतपुरा, कोकता, थाना बिलखिरिया और उसके साथ मौजूद शोभरन सिंह (28) का हुआ था। दोनों गोविंदपुरा से कालीबा?ी की तरफ जा रहे थे, तभी धनवंतरी पार्क के पास से किसी वाहन से कट लगने के कारण वे बाइक समेत डिवाइडर में जा घुसे। इस हादसे में यशपाल सिंह के सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसकी मौत हो गई। शोभरन को भी सिर में गंभीर चोट है और उसका इलाज चल रहा है।

# भोपाल को गति देने वाली मेट्रो की पहली खेप पटरियों पर पहुंची

भोपाल, दोपहर मेट्रो

■ **ट्रायल 25 सितंबर के बाद होगा** ■ **एक वर्ष बाद आम जन कर सकेंगे सफर**

राजधानी के विकास को गति देने वाली मेट्रो रेल के कोच भोपाल पहुंच गए हैं। इन्हें सुभाष नगर डिपो में अनलोड कर लिया है। यहां जांच शुरू कर दी है। तकनीकी रूप से सक्षम पाए जाने पर कोचों को ट्रैक पर चढ़ाने का काम किया जा रहा है। यह काम पूरा होते ही ट्रायल शुरू किया जाएगा। इसके 25 सितंबर से किए जाने की संभावना है। ये कोच गुजरात के बड़ोदरा से ट्राले की मदद से लाए गए हैं।



भोपाल। सड़कों पर लंबा सफर करके ट्राले पर सवार मेट्रो के डिब्बे कल भोपाल पहुंचे थे, आज इनके कवर हटाये गये और इन्हें पटरियों पर उतारा गया। फोटो - निर्मल व्यास

### 80 एकड़ में बना है भोपाल मेट्रोल के लिए डिपो

राजधानी में भोपाल मेट्रो का रख—रखाव एक ही स्थान पर होगा। इसका नाम सुभाष नगर है, यहीं पर 80 एकड़ में डिपो बनाया है। यहीं से मेट्रो ट्रेनों का संचालन होगा और रात के समय में ट्रेन यहीं पर रूकेंगी। **जानें मेट्रो के कोच की लंबाई—चड़ाई :** अधिकारियों के मिली जानकारी के मुताबिक कोच की चौड़ाई 2.9 मीटर और लंबाई 22 मीटर है। इसी अनुरूप सुभाष नगर मेट्रो डिपो के प्लेटफार्मों को डिजाइन किया गया है।

### ट्रायल सुभाष नगर से आरकेएमपी तक ही होगा

मेट्रो का ट्रायल सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक ही होगा। हालांकि जब ये ट्रेनें चलेंगी तब इनमें यात्री एम्स से सुभाष नगर तक सफर कर सकेंगे। इस ट्रैक की दूरी करीब 6.22 किलोमीटर है। इसे आरेंज लाइन कहा गया। प्रायोरिटी कारिडोर में कुल आठ स्टेशन हैं। इनमें एम्स अस्पताल, अलकापुरी, बोर्ड आफिस, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, सरगम टाकीज, डीबी माल, केंद्रीय स्कूल और सुभाषनगर स्टेशन शामिल हैं। ट्रायल रन करीब सा? तीन किलोमीटर में सुभाषनगर स्टेशन से आरकेएमपी स्टेशन तक किया जाएगा।

# फोटो खींचने की बात को लेकर विवाद आईटीआई के छात्र पर छुरी से हमला

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कमला नगर?थाना क्षेत्र स्थित पुराना पुल भदभदा पर तीन अज्ञात युवकों ने आईटीआई छात्र पर छुरी से हमला कर दिया। हमला हाथ से रोकने के कारण उसके हाथ में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। एसआई विवेक शर्मा ने बताया कि अमन खान पिता इमरान खान (18) भद्भदा गांव, कमला नगर में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार शाम वह अपने चाचा के बेटे के साथ पुराना पुल भदभदा पर?था। इस दौरान गेट के पास स्कूटर ख?ी कर तीन युवक अंदर की तरफ पहुंचे और फोटो एक्सपोज करने लगे। इसी दौरान अमन भी अपने भाई के साथ फोटो एक्सपोज कर रहा था। फोटो एक्सपोज करते समय उसका युवकों से विवाद हो गया। विवाद ब?ने पर एक युवक ने छुरी से हमला कर दिया। हमला करने के बाद आरोपी गेट के बाहर ख?ी स्कूटर लेकर फरार हो गए। अमन का कहना है कि वह तीनों युवकों को नहीं जानता। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

### राहत राशि की मांग को लेकर परिजनों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

भोपाल। एक्सीडेंट में घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव परिजनों को सौंप दिया। उसके बाद परिजनों ने राहत राशि की मांग को लेकर पालीटेक्निक चौराहे पर शव रखकर चक्काजाम और प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की समझाईश के बाद मामला शांत हो गया।






**मेट्रो एंकर** 16 जिलों में डीपीसी के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए आरएसके ने शुरू की तैयारी

# 56 से उम्र ज्यादा, तो नहीं बन सकेंगे डीपीसी, देना होगी लिखित परीक्षा और इंटरव्यू

भोपाल, दोपहर मेट्रो

प्रदेश के 16 जिलों में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि 56 साल से अधिक उम्र के शासकीय सेवक इसके लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। बीएड की अनिवार्यता होने के साथ ही आवेदक को लिखित परीक्षा और इंटरव्यू भी पास करना होगा।

राज्य शिक्षा केंद्र ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत 16 जिलों में खाली डीपीसी के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। फिलहाल जिलों के नाम उजागर नहीं किए गए हैं। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग के सहायक संचालक, प्राचार्य उमावि, हाईस्कूल संवर्ग एवं व्याख्याता इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। जिनके विरूद्ध किसी प्रकार का आपराधिक, न्यायालयीन प्रकरण लंबित हो, विभागीय जांच संस्थित हो या किसी प्रकार की शास्ति प्रभाव में हो, वह आवेदन नहीं कर सकेंगे।



फाइल फोटो

### आवेदनों की स्कूटनी 25 सितंबर तक

डीपीसी के लिए आवेदन बुलाए गए हैं। आवेदनों की स्कूटनी 25 सितंबर तक की जाएगी। स्क्रूटनी के बाद पात्र अभ्यर्थियों की राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा लिखित परीक्षा ली जाएगी। यह परीक्षा 3 अक्टूबर को सुबह 10 से 12 बजे तक शिवाजी नगर स्थित सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में होगी। लिखित परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों का उसी दिन दोपहर 2 बजे राज्य शिक्षा केंद्र में इंटरव्यू लिया जाएगा।

### 40 अंक लाना जरूरी

लिखित परीक्षा 75 अंको और इंटरव्यू 25 अंकों का होगा। लिखित परीक्षा में न्यूनतम 40 अंक लाने होंगे। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में न्यूनतम प्राप्तांक 65 अंक लाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अन्य शर्तों को भी पूरा करना होगा।


ज्योतिष परामर्श

*ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें*

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य
व कुंडली
विशेषज्ञ

व्हाट्सएप नं.
7869267010
कॉलिंग नंबर
7415497010



shrutirawat16@gmail.com

परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022